CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 21 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 63 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# अमेरिकी F-35 विमान पर इतिहास में पहला हमला: ईरान

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की आईआरजीसी ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया।

आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था।



■ **IRGC का दावा: विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना, यूएस ने की आपात लैंडिंग की पुष्टि**

उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बता दें कि एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है। पहली बार किसी देश ने एफ-35 लाइटनिंग 2 विमान पर हमला किया। युद्ध की शुरुआत से अब तक अमेरिका के 16 सैन्य विमान नष्ट। करोड़ों की लागत वाले ड्रोन, रडार और रिफ्यूलिंग टैंकर भी हुए हैं तबाह। युद्ध की शुरुआत से अब तक 10 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी नष्ट। ईरान ने यह भी दावा किया है उसने युद्ध की शुरुआत से अब तक यूएस-इजरायल के 125 से ज्यादा ड्रोन भी ढेर किए हैं। इस युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना को कुछ और नुकसान भी उठाने पड़े हैं।

## इजरायली हमले में आईआरजीसी प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई।

# उत्तराखंड में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, 5 विधायक बने मंत्री

**देहरादून।** नवरात्रि के दूसरे दिन उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। लोक भवन में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित समारोह में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा एवं राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, सांसद महेन्द्र भट्ट और नरेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन -शेष पृष्ठ दो पर

■ **लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने दिलाई शपथ**

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति के मामले की सुनवाई से सीजेआई हुए अलग

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को चुनाव आयोग नियुक्ति कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि मुझ पर हितों के टकराव का आरोप लग सकता है। यहां हितों का टकराव है। उस समय उनके साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली भी बेंच में मौजूद थे। यह बेंच उन जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें 2023 के उस कानून को चुनौती दी गई है, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से सीजेआई को हटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने भी सीजेआई की इस बात का समर्थन किया। उन्होंने सुझाव दिया कि मामले को ऐसी बेंच के सामने रखा जाए, जिसमें कोई संभावित सीजेआई न हो, ताकि पक्षपात की आशंका न रहे। इस सुझाव को स्वीकार करते हुए सीजेआई ने निर्देश दिया कि यह मामला 7 अप्रैल को दूसरी बेंच के सामने सूचीबद्ध किया जाए। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक समिति करेगी।

### यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार में तेज बारिश के साथ-साथ ओले गिर रहे हैं। मौसम में बदलाव की वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का बदला हुआ आकार है। आमतौर पर यह सिस्टम कर्व्ड (मुड़ा हुआ) होता है। इस बार यह सीधी लाइन में है। यह रेन बैंड 1000 किमी लंबा है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान और इंडिया तक इसका असर है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिम से आने वाला बादलों का एक सिस्टम होता है। जो सर्दियों में उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी कराता है।

### यूपी में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति फिर टली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति प्रक्रिया एक बार फिर अटक गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने राज्य सरकार द्वारा भेजे गए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के पैनल को आपत्तियों के साथ वापस कर दिया है। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने पात्रता और प्रक्रिया संबंधी मानकों के पालन पर सवाल उठाते हुए फाइल को संशोधन के लिए लौटाया है।

# घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

## केंद्र सरकार ने एलपीजी संकट पर दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें।

इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई -शेष पृष्ठ दो पर



■ **देश की सारी रिफाइनरी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षित**

### प्रीमियम पेट्रोल दो व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-आक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये से बढ़कर 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार, 19 मार्च 2026 को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, बाद में ये लगभग 108 डॉलर प्रति बैरल पर वापस आ गईं।

### सरकार ने 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिये बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था।







### इलाज के लिए ताहिर हुसैन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ताहिर हुसैन ने कड़कड़डूमा कोर्ट में याचिका दायर कर इनगुइनल हर्निया का हवाला दिया था। उन्हें जल्द सर्जरी और विशेष देखभाल की आवश्यकता है। संक्रमण से बचाव व रिकवरी के लिए जेल से बाहर रहना जरूरी बताया गया। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को हुसैन की सर्जरी के बाद अस्पताल व जेल दोनों जगह पूरी देखभाल सुनिश्चित करने का आदेश दिया। यह आदेश अंतरिम जमानत की अर्जी पर आया है। 2020 फरवरी में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी।

# पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा कि 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी।

जस्टिस मेहता ने कहा कि आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा कि आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। पहले भी इस केस को मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी। उसका कहना था कि शादी के एक हफ्ते बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। उसने आरोप लगाया कि पत्नी गाली देती थी, खाना नहीं बनाती थी और बच्चे के जन्म के बाद उसे पालना समारोह में नहीं बुलाया।

**खाना नहीं बनाती, तो क्रूरता नहीं, पति भी बराबर की जिम्मेदारी निभाए, पत्नी बोली- ससुराल पक्ष ने कैश-गोल्ड मांगा**



### सुजॉय घोष के खिलाफ नहीं होगा कॉपीराइट केस: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निर्देशक सुजॉय घोष को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। सुजॉय घोष ने अपनी फिल्म 'कहानी 2 : दुर्गा रानी सिंह' की पटकथा चोरी होने के आरोपों के खिलाफ याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने झारखंड के हजारीबाग स्थित निचली अदालत में लंबित इस कार्यवाही को पूरी तरह समाप्त करने का आदेश दिया है। हजारीबाग के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने शिकायत दर्ज करा कर आरोप लगाया था कि विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'कहानी' का सीक्वल 'कहानी 2' ने उनकी 'सबक' नामक पटकथा का कॉपीराइट उल्लंघन किया है। झारखंड की एक निचली अदालत ने कॉपीराइट अधिनियम के तहत प्रथम दृष्ट्या मामला पाया और समन जारी किया था।












## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमांडो का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में तैनात कमांडो का शव शुक्रवार को उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर राजापुर स्थित मकान में रह रहे कमांडो कृपाल सिंह (29) का कमरा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने सुबह खिड़की से झांककर उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, कृपाल सिंह आखिरी बार 18 मार्च की रात ड्यूटी से लौटने के बाद देखे गए थे। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कृपाल सिंह फिरोजाबाद जिले के निवासी थे और 2019 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में कमांडो के रूप में तैनात थे।


### मीरवाइज उमर फारूक लगातार तीसरे शुक्रवार नजरबंद

**श्रीनगर।** कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक बार फिर घर में नजरबंद कर दिया गया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार का उपदेश ख़ुतबा नहीं दे सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में दावा करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें इस तरह की पाबंदी का सामना करना पड़ा है। उनके घर के बाहर पुलिस वाहनों और सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई और गलियों को कटीले तारों से बंद कर दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को शासकों की घबराहट का प्रतीक बताया।

### आंधी और बारिश से यूपी में मौसम हुआ सुहाना, किसानों की चिंता बढ़ी

# फसलों को नुकसान होने की संभावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जौनपुर और प्रयागराज जिले में बिजली गिरने से एक युवक और किसान की मौत हो गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवा और बारिश से बढ़ते तापमान में फौरी ब्रेक लगा है वहीं मौसम के इस बदलाव के चलते खेत खलिहान में पकी पड़ी फसल के नुकसान की भी संभावना गहरा गई है और अन्नदाताओं की चिंता में इजाफा हुआ है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र ने उत्तर प्रदेश में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए 20-21 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज झोंकेदार हवाएं (50-60 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 7.9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में वज्रपात, तेज हवाओं और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। 21 मार्च को भी कुछ स्थानों पर मौसम सक्रिय रहेगा, जबकि 22 मार्च से मौसम शुष्क होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों में रहने, पेड़ों के नीचे आश्रय न लेने और बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। किसानों को पकी फसल की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखने और खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस बीच मथुरा, आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और भदोही समेत कई स्थानों पर आंधी बारिश से फसल प्रभावित होने की सूचना है वहीं वर्षाजनित हादसों में कम से कम चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि कुछ मवेशी भी हताहत हुए हैं। जौनपुर जिले में मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोलनापुर में आज सुबह बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजीत चौहान (9) आज सुबह घर से शौच के लिए बाहर गया था, तभी खुले मैदान में उस पर वज्रपात हुआ। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज के बहादुरपुर के चकिया घराहरा गांव में बिजली गिरने से किसान संग्राम सिंह (60) की मौत हो गई।

### गर्मी से राहत, तो हवा से परेशानी

कानपुर के रावतपुर क्षेत्र में दीवार गिरने से एक मासूम गंभीर रुप से घायल हो गई। राजधानी लखनऊ में सुबह की शुरुआत धूप के साथ हुई, लेकिन करीब 9 बजे के बाद अचानक घने काले बादलों ने आसमान को ढक लिया। कुछ ही देर में अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस अचानक बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं सुबह घर से निकले लोग बारिश और तेज हवा के कारण परेशान भी नजर आए। जालौन,हमीरपुर में भी आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से गिरी गेहूं की फसल के साथ सरसों, चना, मटर, मसूर व आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। कानपुर की सुबह शुक्रवार को आसमान से घिरे बादलों और हल्की फुहारों से हुई। मौसम में आए बदलाव से लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास हुआ।

# देशविरोधी बड़ी साजिश का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

**कौशांबी, वार्ता**

■ देश के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी भेजते थे विदेश, सीसीटीवी व ओटीपी से चल रहा था जासूसी रैकेट

देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। यूपी के थाना कौशांबी पुलिस और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा ठिकानों की गोपनीय जानकारी विदेश में बैठे लोगों तक पहुंचा रहा था। इस मामले में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 5 नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 9 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और 2 सीसीटीवी कैमरे बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली सूचना के अनुसार ये युवक रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण जगहों के वीडियो बनाकर विदेश में बैठे लोगों को भेज रहे थे। इतना ही नहीं, ये लोग पैसों का लालच देकर अन्य युवाओं को भी इस काम में शामिल कर रहे थे। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें बीएनएस की धारा 61(2)/152 और ऑफिशियल एक्ट की धारा 3/5 के तहत केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल फोन की जांच में कई आपत्तिजनक वीडियो, फोटो और महत्वपूर्ण लोकेशन मिलीं, जो सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से जुड़ी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया। गिरोह के मुख्य हैंडलर सुहैल मलिक, नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर हैं। इनके इशारे पर भारत के अलग-अलग इलाकों में मौजूद आरोपी रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे और वहां की फोटो, वीडियो और जीपीएस लोकेशन विदेश भेजते थे। 20 मार्च 2026 को एसआईटी ने आगे कार्रवाई करते हुए 9 और को गिरफ्तार किया।

# दंपति ने बेटे संग खाया जहर मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ लखनऊ की घटना सुसाइड नोट छोड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के नींवा गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की घटना सामने आई है। हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची तो रूपनारायण चौरसिया (55), उनकी पत्नी तारावती (लगभग 50 वर्ष) और पुत्र संदीप चौरसिया (30) अचेत अवस्था में मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने तारावती और संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि रूपनारायण का इलाज जारी है। छोटे बेटे कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात सभी ने खाना नहीं खाया और अपने कमरे में चले गए। तड़के आवाज सुनकर जब वह उठा, तो पिता को उल्टियां करते पाया और कमरे में मां व भाई बेसुध पड़े मिले। परिजनों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि अपनी मौत के जिम्मेदार केवल हम हैं। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों के अनुसार, किसी बड़े कर्ज या विवाद की जानकारी नहीं है, हालांकि घर पर कुछ अज्ञात लोगों के आने की बात सामने आई है।

# बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

## पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि मुनाफाखोरी: तिवारी

**नई दिल्ली, वार्ता**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है।

तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रूपए से ज्यादा की बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता, तो उसे



मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। अमेरिका - इजरायल और ईरान में चल रहे संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच भारत में प्रीमियम पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी की गई है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2 से 2.35 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। सामान्य पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### व्यापार समझौते के खिलाफ सत्याग्रह युकां

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने एआई सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में किए अपने प्रदर्शन को उचित करार देते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पीएम मोदी का आत्मसमर्पण है और युवा संगठन इस समझौते के खिलाफ पूरे देश में सत्याग्रह करेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब व संगठन के प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिए गए उनके सभी सहयोगियों को रिहा कर दिया गया है। युवा कांग्रेस अमेरिका के साथ हुए समझौते के खिलाफ दिल्ली के साथ ही सभी प्रदेशों के मुख्यालयों, मंडल, जिला और ब्लाक स्तर पर आंदोलन करेंगे।

### सपा की महिला विग ने गैस सिलेंडर की 'अर्थी' निकालकर जताया विरोध

**लखनऊ।** महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा की महिला विग की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैसरबाग स्थित पार्टी मुख्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गैस सिलेंडर को 'शव' मानते हुए उसकी अर्थी निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर को सफेद कपड़े ओढ़ाकर उसके चारों ओर बैठकर विलाप किया। महिलाएं छाती पीटते हुए कह रही थीं 'अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे, सिलेंडर हमें छोड़कर चला गया, अब हम क्या करेंगे। इस भावनात्मक अंदाज में उन्होंने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की समस्या को उजागर किया। कुछ महिलाएं हाथों में पोस्टर और खाली बर्तन लेकर पहुंचीं थी, जिन पर लिखा था 'महंगी गैस, महंगा तेल-मोदी योगी दोनों फेल'। सपा कार्यालय से निकलकर सड़कों पर उतरीं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया 'मोदी तेरे सरकार में, कटोरा हमारे हाथ में'।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74532.96
निफ्टी 23114.50



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूत

**मुंबई, वार्ता**



पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया। बाजार में गुरुवार को भारी बिकवाली देखी गई थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गई। मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.09 प्रतिशत चढ़ा। आईटी, सरकारी बैंकों, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही। बैंकिंग, निजी बैंक, रियलटी और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक गिर गए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इंफोसिस, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच मजबूत हुए। टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी ऊपर रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत टूट गया।

### सोना सस्ता, चांदी बढ़कर 2.34 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 549 रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 3,727 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 8 दिन में 12,963 और चांदी 34,701 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28,781 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 50 दिन में चांदी 1.52 लाख रुपए सस्ती हो गई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं में भी मजबूती रही जबकि चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 49 रुपये बढ़कर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 36 रुपये महंगा हुआ और 2,818 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 31 रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये और मसूर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 41 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 प्रतिशत



की तेजी के साथ 65.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 267 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंगफली तेल 127 रुपये और वनस्पति 125 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 96 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 160 रुपये और सरसों तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी 11 रुपये सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया। लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले देहरादून की राजपुर रोड विधानसभा से विधायक खजान दास ने शपथ ग्रहण की। उनके बाद रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार शहर से विधायक मदन कौशिक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शपथ ग्रहण की। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया है।ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उत्तराखंड राज्य में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिये क्षेत्रीय, जातीय और महिला- युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे, जिसके बाद से ही समय समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

**घरेलू एलपीजी..**

है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है।

न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है। प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया।

### गंगा में बिरयानी पार्टी करने वाले 14 युवकों की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी खाकर उसके अवशेष नदी में फेंकने के मामले में 14 आरोपियों को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नवम अमित यादव की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और उसे खारिज कर दिया। सभी 14 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष तथा वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों पर अदालत ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थाने से तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास को मंगवाया है। आरोपियों ने न केवल मां गंगा को अपवित्र करने का कार्य किया, बल्कि नाविक भाइयों को जबरदस्ती धमकाकर साथ ले गए। मना करने पर वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी देकर नाव पर कब्जा कर लिया। अब अदालत में रो रहे हैं और पश्चाताप जता रहे हैं, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है। अधिवक्ता नित्यानंद राय ने बताया कि मामले का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ नाविक रंजन साहनी और अनिल साहनी के बयान रहे, जो विवेचक द्वारा दर्ज किए गए थे। कोर्ट को बताया गया कि नाविकों की इच्छा के विपरीत नाव को जबरदस्ती ले जाया गया।

# ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से हुई सराबोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का उद्घाटन किया

**मथुरा।** कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आईं। वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। इसके पश्चात राष्ट्रपति मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और आश्रम के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति ने यहां नवनिर्मित 'ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का लोकार्पण किया, जो क्षेत्र में कैंसर के मरीजों के लिए बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने देश की समृद्ध सांस्कृतिक और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने में मिशनरी संस्थाओं की भूमिका को सराहा। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व प्रसिद्ध नीब करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की।

# इको कार से भिड़ंत में स्कूली वैन पलटी

## वैन अनियंत्रित होकर सड़क से खेत में पलटी, कई बच्चे घायल, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** जसोला-फहीमपुर मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब बच्चों से भरी स्कूल वैन और एक इको कार आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए पास के खेत में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, फलावदा मार्ग स्थित पमनावली-चितौड़ा गांव के द ग्रीन पब्लिक स्कूल की मिनी वैन छुटी के बाद करीब 20-25 बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। कुछ बच्चों को रास्ते में उतारने के बाद वैन जैसे ही जसोला से फहीमपुर की ओर चंद्रपुरी के पास पहुंची, सामने से आ रही इको कार (यूपी 12 बी वाई 4937 से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वैन पलटते ही बच्चों की चीखें गूंज उठीं। आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए राहत कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी।

इस हादसे में रुद्र द्धपुत्र विपिनऋ, सांची द्धपुत्री सुमितऋ निवासी फहीमपुर, श्रेष्ठ द्धपुत्र आकाशऋ निवासी बहापुर और वैन चालक जितेंद्र निवासी चितौड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इको कार चालक मोहित (पुत्र पूरन) भी चोटिल हुआ। सभी घायलों को तुरंत मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य में सहयोग करते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाया। इसके बाद क्रेन की मदद से पलटी वैन को सीधा कर सड़क से हटवाया गया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। हादसे की खबर मिलते ही बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां माहौल बेहद भावुक हो गया।

### हादसे के बाद बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल

**खतौली।** बिना नंबर प्लेट दौड़ रही थी स्कूल वैन, बड़ी चूक सामने आई इस हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन की लापरवाही भी उजागर हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वैन के पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी थी, जबकि आगे नंबर प्लेट मौजूद थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच के दावे किए जाते हैं, लेकिन इस तरह की खामियां बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती हैं। लोगों ने प्रशासन से स्कूल वाहनों की सख्त जांच और कार्रवाई की मांग की है।





मुजफ्फरनगर:रिमझिम बारिश के बीच रास्ते से गुजरते राहगीर।

# कड़ी सुरक्षा में अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

## 9 जोन व 21 सेक्टर में बंटा जनपद, एसएसपी ने खुद संभाली कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रमजान माह के 'अलविदा जुमे' की नमाज पूरी अकीदत और शांति के साथ अदा की गई। इस अवसर पर मस्जिदों में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। नमाज के बाद देश और दुनिया में खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगीं गई। आगामी ईद और नवरात्रि के त्योहारों को देखते हुए पूरे जनपद को विभिन्न जोन और सेक्टरों में बांटा गया है। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जा रही है। यातायात प्रबंधन के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था की कमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने खुद सड़कों पर उतरकर संभाली। नगर क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों और ईदगाह का निरीक्षण कर उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि धर्मगुरुओं से संवाद कर आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे जनपद को 9 जोन और 21 सेक्टर में विभाजित किया गया था।

प्रत्येक जोन और सेक्टर में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया था। संवे. दनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और पीएसी की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत और सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ खालापार सहित शहर के विभिन्न भीड़भाड़ वाले और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सघन फ्लैग मार्च किया। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करना और असामा. जिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान न दें।



मुजफ्फरनगर: अलविदा जुमे की नमाज के बाद दुआ करते अकीदतमंद।

# पूरे दिन झमाझम बारिश से तापमान में आई भारी गिरावट

**एक्यूआई में सुधार जलभराव ने बढ़ाई परेशानी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार सुबह से लगातार हो रही बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। भारी बारिश के चलते तापमान गिरकर 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोग एक बार फिर गर्म कपड़ों में नज़र आए। इस बारिश ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। रोजमर्रा के काम पर जाने वाले लोगों, स्कूल-कॉलेज के छात्रों और विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बारिश के चलते शहर की सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। बाइक और स्कूटर सवार लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और पेड़ों के नीचे रुकते नजर आए। लोग छाते और रेनकोट का सहारा लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने और तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। शहर और ग्रामीण इलाकों में मौसम का असर साफ देखा जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। बारिश के दौरान हवा की रफ्तार कम होकर करीब 6 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई, जबकि वायु गुणवत्ता सूचकांक ए क्यूआई में सुधार होकर 78 पर पहुंच गया है।

# युवक ने महिला के कानों से कुंडल झपटे

**बुढ़ाना।** एक अज्ञात युवक मोटर साइकिल पर बैठी हुई एक महिला के कानों के कुंडल छीनकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर भौरांकला पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। जितेन्द्र पुत्र ओमकार कश्यप निवासी मौहल्ला नई आबादी कस्बा सिसौली थाना भौराकलां ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 14 मार्च की शाम को वह अपनी पत्नी और बच्चों को मोटर साइकिल से लेकर ग्राम कन्हेडी से अपने गांव सिसौली में आ रहा था। तब सिसौली मोड से पहले ही एक अज्ञात आदमी आया और उसकी पत्नी के कुण्डल छीनकर फरार हो गया। हम उस समय बोखलाहट में थे और समझ भी नही पा रहे थे कि हम क्या करें। इस घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया और लोग घटना स्थल पर जमा हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित महिला से जानकारी लेकर जांच पडताल शुरू की।

जितेंद्र ने भौरांकला पुलिस से अज्ञात चोर के खिलाफ कार्यवाही कर छीने हुए कुंडल दिलाए जाने की गुहार लगाई है। उधर भोरांकला पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के कैमरे खंगालने शुरु कर दिए थे। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ईदगाह और मस्जिदों के लिए नमाज का समय तय

**शहर काजी तनवीर आलम ने दी समय की जानकारी**

**मुजफ्फरनगर।** शहर क़ाज़ी तनवीर आलम व सदर व ईदगाह कमैटी ने ईदुल फितर पर ईदगाह और शहर की मस्जिदों में अदा होने वाली नमाज़ का समय तय करते हुए बताया कि ईदगाह सुबह- 8:00 बजे

मस्जिद फ़ख़रशाह - 8:15 बजे

मस्जिद हौज़ वाली, खालापार - 8:15 बजे

मस्जिद लियाकतपुरा, चौड़ी गली, लद्दावाला - 8:15 बजे

मस्जिद हौज़ वाली, बकरा मार्किट - 8:15 बजे

मस्जिद नूरा वाली, बघरा तांगा स्टैंड - 8:15 बजे

मस्जिद तकिया कौरेशाह, हनुमान चौक - 8:30 बजे

मस्जिद नुमाइश कैम्प, विकास भवन के सामने - 8:30 बजे,मस्जिद दाऊदिया, मल्हूपुरा - 8:30 बजे, मस्जिद कानूनगो बाग वाली, मक्की नगर - 8:30 बजे

मस्जिद मुहम्मदी, पुजाए वाली, रहमत नगर - 8:45 बजे

मस्जिद मुजीबा, गहरा बाग के सामने, खालापार - 9:15 बजे अदा की जाएगी।

# युवक को जिंदा जलाने की कोशिश में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बहाने से साथ ले जाकर पास के जंगल में लग रही आग में धकेला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव मजलिस पुर तोफीर पंचायत के मजरे खैर नगर में दो बारातियों द्वारा एक युवक को जिंदा जलाने के प्रयास का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की ।पुलिस ने घटना पर संज्ञान लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मेरठ जिले के थाना हस्तिनापुर के गांव तारापुर निवासी जय किशन पुत्र मूलचन्द ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बहन की ससुराल गाँव मजलिसपुर तोफीर के मजरे खैरनगर में रह रहा है।

बीते 10 मार्च को गाँव तारापुर से बारात खैरनगर आई हुई थी। वह घर के बाहर बैठा था। तभी तारापुर निवासी दो युवक उसे बहाने से अपने साथ गांव के बाहर ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और पास में जंगल मे लग रही आग में धक्का दे दिया। जिससे जय किशन के हाथ और पैर गम्भीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी। अगले दिन उसने थाना भोपा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिये भेज दिया जहां से उसे जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। पुलिस ने दो आरोपियों मोनू व अवनीश पुत्रगण मानसिंह निवासी तारापुर थाना हस्तिनापुर जनपद मेरठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बेमौसम बारिश से लौटी ठिठुरन, लोगों ने फिर निकाले गर्म कपड़े

**नहटौर।** बुधवार/गुरुवार की रात से रुक-रुक कर हो रही बारिश और ठंडी हवाओं ने अचानक मौसम का मिजाज बदल दिया है। मार्च के महीने में जहां लोग गर्मी की आहट महसूस कर रहे थे, वहीं इस बारिश ने एक बार फिर ठंड का अहसास करा दिया है। आलम यह है कि बक्सों में रखे जा चुके स्वेटर, जैकेट और कंबल फिर से बाहर निकल आए हैं। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम के वक्त ठिठुरन बढ़ गई है। सड़कों पर लोग रेनकोट और ऊनी कपड़ों में नजर आ रहे हैं। अचानक हुए इस बदलाव से मौसमी बीमारियों सर्दी-जुकाम का खतरा भी बढ़ गया है। किसानों के लिए यह बारिश कहीं खुशी तो कहीं गम बनकर आई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जिन क्षेत्रों में गेहूं की बुवाई देरी से हुई थी और दाने अभी दूधिया अवस्था में हैं, उनके लिए यह बारिश और गिरा हुआ तापमान फायदेमंद है। इससे दाना पुष्ट होगा और पैदावार बढ़ सकती है। गन्ने की नई बुवाई और पशुओं के चारे के लिए यह नमी संजीवनी का काम करेगी।



मुजफ्फरनगर: अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को एसएसपी ने दिया ब्रीफ।









# बारिश के बीच अलविदा जुमे की नमाज़ की अदा

**मोरना।** हल्की बारिश के बीच भोपा,मोरना,ककरौली क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज़ शान्ति पूर्वक अदा की गयी। सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।वहीं ईदुलफितर के त्यौहार पर धर्म गुरुओं ने शान्ति सौहार्द बनाये रखने की अपील की है।

रमजान माह के पांचवे तथा आखरी जुमे की नमाज़ की नमाज दोपहर 1रू00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक विभिन्न मस्जिदों में अलग अलग समय पर अदा की गयी। नमाज अदा कराने वाले इमाम हजरात ने नमाज के पूर्व दिए जाने वाले धार्मिक सम्बोधन में असहाय व्यक्तियों की मदद करने किन्ही कारणों से हो गये विवादों में तुरन्त सुलह कर प्रेम मुहब्बत का माहौल बनाने।ईद के दिन अनावश्यक रूप से वाहनों का प्रयोग न करने कोल्डड्रिंक जैसे पय पदार्थो के स्थान पर स्वदेशी पदार्थो को अपनाने की विशेष अपील की गयी।अंत मे ईद की नमाज के समय की घोषणा भी की गयी।मोरना,भोपा,जौली,रहकड़ा,बेलडा,सीकरी,भोकरहेड़ी,किशनपुर,ककरौली, तेवड़ा, जटवाड़ा, टंढेडा, ककरौली, बेहड़ा सादात, रुड़कली आदि गाँव मेअलविदा जुमे की नमाज़ शांति पूर्वक संपन्न हुई। क्षेत्र के सबसे बड़े अरबी मदरसा कासिमुल उलूम तेवड़ा के प्रबंधक मुफ़्ती बिन यामीन,मदरसा शमशुल उलूम टंढेडा के प्रबंधक मौलाना जमील अहमद कासमी , मदरसा बहरुल उलूम किशनपुर के प्रबंधक मौलाना सईदुलजमा, मदरसा इज़हारूल उलूम



भोकरहेड़ी के उपप्रबंधक मौलाना फरमान आदि ने ईद के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने ईद की नमाज के सम्बंध में बताया कि शनिवार की सुबह भोपा थाना क्षेत्र में 17 ईदगाह व 38 मस्जिदों में तथा ककरौली थाना क्षेत्र में 12 ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज अदा की जाएगी।प्रशासन शांति सुरक्षा कायम करने को लेकर अलर्ट है।

# छात्राओं ने पानी की बरबादी रोकने का लिया संकल्प

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पंच दिवसीय एनएसएस इकाई द्वारा आज कॉलेज में जल संचय संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने किया व कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने जल स्रोतों के पुनरुद्धार व संरक्षण जैसे जल संचयन तालाब का जीर्णोद्धार पर पोस्टर के माध्यम से जल संचयन का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने जल संरक्षण के महत्व व इसकी तत्काल आवश्यकता पर उपस्थित समस्त स्वयं सेविकाओं का ध्यान आकर्षित किया तथा उन्होंने छात्राओं को बताया कि आज जल का दोहन ज्यादा हो रहा है जिससे भविष्य में जल संकट पैदा होगा और हमारा जीवन जल के बिना संकट में आ जाएगा इसलिए हम सभी का उद्देश्य यही होना चाहिए की जल का सदुपयोग करें दुरुपयोग नही। सरकार द्वारा जल ही जीवन है का प्रचार एवं प्रसार इसीलिए किया जा रहा है कि आम नागरिक जल के उपयोग को जाने और सीमित मात्रा में इसका उपयोग करे। शिविर लगाने का उद्देश्य तब सफल होगा जब हम सब अपने आप जल की उपयोगिता को जाने व दूसरों को भी जल की उपयोगिता के बारे में जागरुक करें। कार्यक्रम अधिकारी एसोसिएट प्रोफेसर रूपाक्षी चौधरी ने बताया कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाए। जैसे कॉलेज में प्रणालियों को समृद्ध कॉलेज के पौधों के लिए टपक सिंचाई व्यवस्था का उपयोग किया जाए। नलों एवं टॉयलेट में एरिएटर लगाकर पानी की बर्बादी रोकी जाए। इसके लिए समय समय पर जागरुकता शिविर लगाए जाएं। कॉलेज की अन्य प्रोफेसर किरण मलिक ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इससे भू जल स्तर में वृद्धि होगी। कॉलेज की स्वयंसेविका अंशिका, साक्षी, शिवानी, वंशिका, संध्या, अवंतिका व तुलसी आदि व समस्त उपस्थित स्टाफ में सबा खान, किरण, ज्योति, स्वाति शर्मा और प्रवीण कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चरस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भोपा।** गांव जौली से विलायत नगर मार्ग पर पुलिस के द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान में एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक जशवीर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सुमित चौधरी की टीम शुक्रवार की दोपहर जौली से विलायतनगर मार्ग पर चैकिंग कर रही थी कि इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड लिया और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 174 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आबिद पुत्र अकबर निवासी ग्राम मुस्कीपुर थाना बडगांव जिला सहारनपुर व हाल निवासी गांव जटमुझेडा थाना नई मंडी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे को कोर्ट में पेश किया।

# रेल सुविधाओं के मुद्दे पर विधायक मदन भैया ने बढ़ाई सक्रियता

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को लेकर लंबे समय से उठ रही जनसमस्याओं के समाधान के लिए विधायक मदन भैया ने एक बार फिर पहल तेज कर दी है। उन्होंने भारत सरकार के कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी को पत्र भेजकर खतौली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार और आवश्यक निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में साफ तौर पर कहा कि रेलवे से जुड़ी मूलभूत समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

## प्रमुख ट्रेनों के ठहराव पर दिया जोर

विधायक ने खतौली रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, सहारनपुर मेमू स्पेशल, जालंधर एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस और गोल्डन टेंपल मेल जैसी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग रखी।

उनका कहना है कि खतौली एक महत्वपूर्ण कृषि और व्यापारिक केंद्र है, ऐसे में ट्रेनों के ठहराव से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि रेलवे की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

## स्टेशन के आधुनिकीकरण का दिया प्रस्ताव

विधायक ने स्टेशन को आधुनिक बनाने के लिए भी कई सुझाव दिए। उन्होंने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एस्केलेटर लगाने, बेहतर साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। खासतौर पर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की बात कही गई।

## क्रॉसिंग नंबर 44 पर अंडरब्रिज की मांग

जनसठ रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 44 को लेकर विधायक ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि यहां बनाया गया ओवरब्रिज आम लोगों के लिए व्यावहारिक नहीं है, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए। अधिक ऊंचाई होने के कारण लोग इसका उपयोग करने से बचते हैं और मजबूरन रेलवे लाइन पार करते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे में विधायक ने जनहित को देखते हुए इस स्थान पर जल्द से जल्द अंडरब्रिज निर्माण कराने की मांग उठाई है।

## पहले भी उठाया जा चुका है मुद्दा

विधायक ने बताया कि इन मांगों को लेकर 19 जुलाई 2024 को रेल मंत्री को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित से जुड़े इस विषय पर जल्द हस्तक्षेप करते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# इफ्तार पार्टी में सर्व समाज ने की शिरकत कर दिया भाईचारे का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना में शुक्रताल मार्ग पर स्थित लव पैराडाइज बैंक्विट हॉल में रोजा इफ्तार पाटह्र का आयोजन भाकियू नेता द्वारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे का सन्देश दिया।

मोरना में अलविदा अलविदा जुमे के अवसर पर भाकियू नेता प्रधान सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान जलपान कराया गया।सर्वेन्द्र मिन्टू राठी ने सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों को इदुल फितर के त्यौहार की मुबारक. बाद देते हुए एक दूसरे सभी त्योहारों



को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी भाईचारे प्रेम मुहब्बतको बढ़ावा देते हैं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान,कृष्णपाल, साजिद हसन, रजनीश यादव, इस्तखार अंसारी,डॉ.अलीशेर अंसारी भूरा अंसारी, शददन जैदी, गोहर जैदी,अमली खान, परवेज,अफजल,अफसर कुरैशी,रफत जैदी, जोहर अब्बास, फिरोज मियां आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खेल निद.शालय उत्तर प्रदेश एवं कबड्डी संघ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय आमंत्रण ओपन पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 मार्च 2026 तक चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 20 मार्च 2026 को मुख्य अतिथि कंडारकर कमल किशोर देशभूषण मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि संजीव बालियान अर्जुन अवॉर्ड एवं अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अतिथि जितेंद्र यादव क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सहारनपुर एवं मेरठ मंडल राहुल चोपड़ा क्रीड़ाधिकारी सहारनपुर मंडल द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया ।

उक्त प्रतियोगिता में आए मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं



अतिथि एवं निर्णायकों का स्वागत बुके एवं मोमेंटो एवं पटका पहनकर भूपेंद्र सिंह यादव प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी एवं कुमारी पूनम बिश्नोई उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सवागत किया गया। उक्त प्रतियोगिता में राजीव कुमार बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उक्त प्रतियोगिता का मैच 21 मार्च 2026 को पूल ए पर मुजफ्फरनगर सहारनपुर पूल ठ पर मेरठ बागपत पूल ब पर गाजियाबाद मथुरा एवं सुल्तानपुर पूल कचत बिजनौर शामली एवं हापुड़ के मध्य कबढी मैच कराया जाएगा।

# अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुम्मे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को नगर में अलविदा जुम्मे की नवाज पूरे सम्मान और आस्था के साथ अदा की गई। सुबह से ही शहर की मस्जिदों के बाहर नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। निर्धारित समय पर इमामों की अगुवाई में नमाज अदा की गई, जिसमें लोगों ने देश में अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी।

भीड़ अधिक होने के कारण कई स्थानों पर नमाजियों को सड़कों और खुले स्थानों पर भी नमाज अदा करनी पड़ी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवे.दनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। नमाज के बाद अब शहर में ईद–उल–फितर को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है। शनिवार को ईद मनाई जाएगी। चांद के दीदार के बाद इतिकाफ में बैठे रोजेदार घर लौट आए और तैयारियों में जुट गए। घरों में साफ–सफाई, पकवानों की तैयारी और मेहमानों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ईद से पहले बाजारों में जबरदस्त चहल–पहल देखी जा रही है। कपड़े, जूते, इत्र, टोपी और खान–पान की दुकानों पर देर रात तक भीड़ लगी रही। सेवई, लच्छे, सूखे मेवे और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें नजर आईं। महिलाएं और बच्चे खरीदारी में व्यस्त दिखे, जिससे बाजार पूरी तरह गुलजार हो उठा। हालांकि नमाज–ए–अलविदा के बाद शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। जीटी रोड और खतौली–जानसठ तिराहे पर लंबा जाम लग गया। दिनभर वाहन रेंगते नजर आए और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी। उधर, ईद से एक दिन पहले दूध की मांग में अचानक उछाल देखा गया। स्थानीय स्तर पर दूध की कमी के चलते लोगों



ने पैकिंग दूध की खरीदारी शुरू कर दी। डेयरी और किराना दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई दुक.ानदारों ने अस्थायी स्टॉल लगाकर दूध बेचा, जहां देर शाम तक खरीददारों की आवाजाही बनी रही। कुल मिलाकर नमाज–ए–अलविदा के मौके पर जहां पूरे शहर में धार्मिक आस्था और शांति का माहौल रहा, वहीं ईद की तैयारियों ने खतौली को उत्साह और रौनक से भर दिया है। अब प्रशासन के सामने ईद के दिन सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी।

## देर रात तक बाजारों में दुकानदारों की खूब कटी चांदी

**बुढ़ाना।** कस्बे के लगभग सभी बाजार शुक्रवार की देर रात तक खुले रहे। छोटा बाजार और बड़े बाजार में तो इतनी भीड़ रही कि पैदल चलने वाले भी परेशान रहे। रही सही कसर दोपहिया वाहनों और ई–रिक्शाओं ने पूरी कर दी। इन बाजारों में महिलाओं की भारी संख्या देखने को मिली। छोटे और बड़े बाजार में जाने वाली सड़क पर लोगों को दोपहिया लेकर गुजरने में परेशानी हो रही थी। बाजार में लोगों की खचाखच भीड़ थी। ठीक इसी तरह पुराने बस स्टेंड का भी यही हाल था। सड़क के पास भी कई स्थानों पर फुटपाथ पर भी अस्थाई दुकानें सजी रही। जिसमें लच्छा सेवई से लेकर कपड़े, जूते, चप्पल और आर्टिफिशियल जेव.रों के साथ कई दुकानें सजी हुई थी। जिसमें महिलाओं की काफी भीड़ थी। वहीं किराना की दुकान में लोग सुबह में व्यंजनों की तैयारी को लेकर खरीदारी कर रहे थे। शाम को इफ्तार के बाद लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। कुल मिलाकर चांद रात पर बुढ़ाना कस्बे के सभी बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे लेकिनघ महिलाओं की भीड़ ने पिछले साल का रिकार्ड तोड दिया ऐसा कुछ दुकानदारों का कहना था।हर दुकानदार अपनी अपनी दुकानों पर व्यस्त रहा।

# पीयूष सैनी फिर बने जिला मंत्री, जताया संगठन का आभार

**मुजफ्फरनगर ।** संगठनात्मक मजबूती और सक्रिय कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले पीयूष सैनी को एक बार फिर जिला मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस पुनर्नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

पदभार संभालने के बाद पीयूष सैनी ने शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ–साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा समाज के हर वर्ग तक संगठन की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाना रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर सामूहिक रूप से कार्य करेंगे, ताकि संगठन की गतिविधियों को गति मिल सके।

पीयूष सैनी ने कहा कि संगठन की विचारधारा और सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि युवा ही देश और समाज का भविष्य हैं, और उनकी भागीदारी से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाएगा तथा आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया जाएगा।कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीयूष सैनी की कार्यशैली, मिलनसार व्यवहार और संगठन के



प्रति उनकी निष्ठा उन्हें एक मजबूत नेतृत्वकर्ता बनाती है। उनकी पुनर्नियुक्ति से संगठन को नई गति मिलेगी और जिले में संगठनात्मक गतिविधियां और तेज होंगी।समापन में पीयूष सैनी ने सभी का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंच.ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# विश्व पानी दिवस पर इंटरैक्ट क्लब की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंटरैक्ट क्लब GEN-Z समर्पण द्वारा वर्ल्ड वाटर डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों के साथ–साथ विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी बढ़–चढ़कर सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए और जल बचाने का संदेश दिया। क्लब के अध्यक्ष चिन्मय भार्गव एवं सेक्रेटरी अंश्रित शर्मा ने अपने उत्कृष्ट विचारों एवं सशक्त नेतृत्व से सभी को विशेष रूप से प्रभावित किया।कार्यक्रम में रिद्धित अग्रवाल, विवान अग्रवाल, शिखर जिंदल, उन्नत जिंदल एवं रियांश गुप्ता सहित अन्य इंटरैक्टर्स ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बना दिया।

इसी क्रम में आयोजित ड्रॉइंग



प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा, जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण की ओर से सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 4432/ 08.04.2013 मे गलती से पुत्री का नाम यशिका,माता का नाम पूजा व पिता का नाम दीपक अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम क्रमशः यशिका तेवतिया,पूजा तेवतिया व दीपक तेवतिया है भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**दीपक तेवतिया**
**पुत्र नरेंद्र सिंह तेवतिया**
**निवासी -ग्रेटर नोएडा वेस्ट,**
**गौतम बुद्ध नगर**

# रमज़ान के अलविदा जुमे की नमाज़ अकीदत के साथ अदा कर मांगी अमन-शांति की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरक़ाज़ी।** क़स्बा पुरक़ाज़ी में शुक्रवार को रमज़ानुल मुबारक के पां.चवे अलविदा जुमे की नमाज़ बड़ी अक़ीदत और एहतराम के साथ शहर की विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई। इस दौरान हज़ारों रोज़ेदारों ने एक साथ सजदे में सिर झुकाकर मुल्क में अमन–चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगीं।क़स्बे के शहर क़ाज़ी मुफ़्ती तनमीक अहमद ने रोज़ेदारों से अपील करते हुए कहा कि सदक़ा–ए–फ़ितर ईद की नमाज़ से पहले अदा कर देना चाहिए, ताकि ग़रीब और ज़रूरतमंद लोग भी अपनी ज़रूरत का सामान ख़रीदकर खुशी–खुशी ईद मना सकें। उन्होंने यह भी बताया कि ईद की नमाज़ से पहले अगर किसी के घर बच्चा पैदा होता है तो उसका फ़ितरा भी मां बाप पर अदा करना वाजिब होता है।



पुरक़ाज़ी क़स्बे और आसपास के क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज़ पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज़ के बाद लोगों ने बाज़ारों में जाकर कपड़ों और रोज़मर्रा की ज़रूरतों के सामान की खरीदारी की। बाज़ारों में रौनक और खुशगवार माहौल दिखाई दिया, जिससे दुकानदार भी काफ़ी खुश नज़र आए। बताते चलें कि इस बार रमजान माह के इस मुकद्दस महीने में पांच जुमा अदा किए गए हैं।

# योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद हरेन्द्र मलिक ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सासंद हरेंद्र मालिक एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता जिला सलाहकार समिति/ जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि सासंद हरेंद्र मालिक रहे। बैठक में पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेन्द्र पॉल ने मुख्य अतिथि व जिलाधिक.ारी का बुक्के देकर स्वागत किया। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने किया तथा उक्त बैठक में बैंको की उपलब्धि जिले की प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में सासंद ने सभी बैंकर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने में अपना पूर्ण सहयोग करें, जिस योजना के संबंध जो भी आवेदन आए उसका निस्तारण अवश्य करें, कोई भी आवेदन को लंबित न रखा जाए। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा स्वयं सहायता समूह की प्रगति के कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंकों के जिला समन्वयको को निर्देशित किया कि वह इन योजनाओं में तत्काल अपनी प्रगति सुनिश्चित करे तथा जो बैंक उक्त योजनाओं में कार्य नही कर रहे है उनके चेयरमैन को मेरे स्तर से पत्र भेजे जाए। माननीय सांसद महोदय ने जिले में बैंको के द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के



योगदान की सराहना की तथा सभी बैंक सामाजिक कार्य मे जिले को अपना योगदान करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण ने भी जिले में चल रहे स्वयं सहायता समूहो की सीसीएल की समीक्षा की तथा सभी बैंकों को स्वयं सहायता समूहो को अधिक से अधिक सीसीएल कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने में सहयोग करने के निर्देश दिए बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी एव सभी बैंकों के जिला समन्वयक , सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा लडका इब्राहिम गलत किस्म के व्यक्तियों में उठने बैठने लगा है। मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। इब्राहिम ने नेपाल की किसी लडकी से पांच माह पूर्व लव मैरिज मेरी व मेरे परिवार की मर्जी के कर ली है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इब्राहिम से पांच माह पूर्व अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये थे मै अपने लडके इब्राहिम को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके किसी भी लेन–देन व कृत्य से मेरी व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही है न ही भविष्य में होगा।

**मौ.मोहसीन पुत्र शब्बीर**
**निवासी म.न.790, गली न.14**
**मौहल्ला लद्धावाला मुजफ्फरनगर**

# खाली प्लॉट में मिले प्रॉपर्टी डीलर की मौत का हुआ खुलासा, हार्ट फेल से गई जान

**अश्वनी पंडित की मौत को लेकर उठ गया रहस्य से पर्दा**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के देवीदास मोहल्ला निवासी 50 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर अश्वनी पंडित की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का आखिरकार खुलासा हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण हार्ट फेल बताया गया है, जिससे पूरे मामले पर से रहस्य का पर्दा उठ गया है।

जानकारी के अनुसार, अश्वनी पंडित मंगलवार को घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

अगले दिन भी उनका कोई सुराग नहीं लगा, जिससे परिवार की चिंता बढ़ती चली गई। गुरुवार को परिजन एक बार फिर उनकी तलाश में निकले और तीर्थ कॉलोनी पहुंचे। वहां एक खाली प्लॉट के बाहर अश्वनी की बाइक खड़ी देख उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। जब परिजन प्लॉट के अंदर बने कमरे में पहुंचे तो अश्वनी का शव पड़ा मिला। यह ख्रश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अश्वनी पंडित की मौत हार्ट फेल होने से हुई थी। हालांकि इस अचानक हुई घटना से परिवार गहरे सदमे में है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर बनी हुई थी।

# भगवंत ग्रुप के एनएसएस विशेष शिविर का उत्साहपूर्वक समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्यूशंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा ग्राम देवल एवं केलापुर जसमौर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साहपूर्वक किया गया। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को रोड सेफ्टी की शपथ दिलाते हुए सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिद. ेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा तथा डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कावेंद्र कुमार ने शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिनों के दौरान स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, शैक्षिक जागरूकता, जल संरक्षण, टीबी उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि ने एनएसएस को छात्रों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। अन्य वक्ताओं ने भी ऐसे शिविरों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना बढ़ाने वाला बताया। अंत में स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया और राष्ट्रहित व समाज सेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

# बच्चों के झगड़े में महिला के साथ की मारपीट

**बुढ़ाना।** बच्चों के मामूली से झगडे के चलते एक महिला के साथ उसके पड़ोसियों ने मारपीट की। इसी दौरान महिला के कुंडल कहीं पर गिर गये। पुलिस ने एक महिला सहित चार आरोपियो के खिलाफ महिला के साथ में मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार समून अंसारी पुत्र यामीन निवासी ग्राम परासौली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 17 मार्च की शाम को उसका बेटा बाहर खेल रहा था। उसके पडोसी वाजिद के लडके सुहेल की उसके बेटे के साथ मारपीट हो गयी थी। तब बच्चों के झगडे में वाजिद और साजिद पुत्रगण इलियास, बाबू पुत्र बक्सी और गुलिस्ता हाथ मे लाठी डण्डे लिए हुए गन्दी गन्दी गालियां देते हुए उसकी पत्नी के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसकी पत्नी के कानों में सोने के जो कुण्डल थे वे नीचे गिर गये और उसकी पत्नि का कान फट गया। चारों उसकी पत्नि के साथ लाठी डण्डो से मारपीट करने लगे तो उसकी पत्नी जान बचाने के उद्देश्य से अपने घर में घुस गयी तो चारों ने उसके घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट की और उसको जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। समून ने पुलिस से चारों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने चारों आरो. पियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# श्री राम कॉलेज में उत्सव नव संवत्सर का किया आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इंजीनियरिंग इकाई के एप्लाइड साइंस विभाग द्वारा हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष पर "उत्सव-नवसंवत्सर" नामक कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया गया जिसके अन्तर्गत रंगोली, मेहन्दी, थाल सज्जा और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ के मार्गदर्शन में निदेशक प्रो0 (डॉ0) अश्विनी कुमार वशिष्ठ, डीन एकेडेमिकस डॉ0 सुचित्रा त्यागी, विभागाध्यक्ष डॉ0 आकांक्षा सिंह एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ किया। सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों कों भारतीय संस्कृति और परम्पराओं से अवगत कराया गया।इस अवसर पर बीटेक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य भरतीय संस्कृति एवं परम्परओं के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता एवं उत्साह को बढ़ावा देना था। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिससे कार्यक्रम अत्यन्त सफल व आकर्षक रहा तथा सभी प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता, कलात्मकता एवं सांस्कृतिक समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। सभी सांस्कृतिक प्रभावशाली प्रतियोगिताओं के परिणामस्वरूप रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवि, वंशिका बागरी, वंशिका त्यागी व शगुन ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आशीष, अनुष्का व भावना रहे तथा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान सिमरन वर्मा, विशु शर्मा, वैष्णवी नामदेव ने प्राप्त किया। साथ ही मेहन्दी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम रहीं तथा द्वितीय, तृतीय स्थान क्रमशः निधि व ख्याति ने प्राप्त किया। थाल सज्जा प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने बाजी मारी तथा प्रथम स्थान कनिका, द्वितीय स्थान भूमिका व अदिति पाल तथा तृतीय स्थान इशिका सिंघल ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं ने उत्साह से प्रतिभाग किया और प्रथम स्थान अभिजीत सैनी, द्वितीय स्थान वंश व तृतीय स्थान सूर्यांशी ने प्राप्त किया। प्रतिभागी व विजयी सभी छात्र-छात्राओं को संस्थान के निदेशक व विभागाध्यक्षों ने पुरस्कार प्रदान किये तथा उनको प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अपनी-अपनी संस्कृति को अपनाने के लिये प्रेरित किया।इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा कार्यक्रम के समापन अवसर पर कॉलेज के प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिये सभी शिक्षकों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के सभी शिक्षक जितेन्द्र कुमार, आलोक जैन, डॉ जेबी सिंह, अंशुमन कलेर, जीविका वत्स, मुकुल अग्रवाल, अंजू त्यागी व सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग रहा।

# ईद को लेकर एसपी देहात ने की जिम्मेदारों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन ईद के पर्व को बुढ़ाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के कुछ संभ्रांत मुस्लिम नागरिकों के साथ बुढ़ाना कोतवाली परिसर में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बुढ़ाना एसडीएम ख्रष्णकांत ब्विवकर्मा और बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिक. ारी गजेंद्र पाल सिंह भी मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों से आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई तथा सभी को बताया गया कि गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन करें। नमाज केवल निर्धारित स्थानों ईदगाह मस्जिद पर ही अदा करें। पर्वों को आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें ताकि समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। एसपी देहात ने बुढाना में स्थित ईदगाह का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया व धर्मगुरुओं के साथ वार्ता कर आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति बनाए रखने पर बल दिया गया साथ ही डडूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने, निरंतर भ्रमणशील रहकर डडूटी करने, संदिग्ध



व्यक्तियों वस्तुओं पर सतर्क दृष्टि रखने तथा सौहार्द बिगाडने का प्रयास करने वालों पर तत्काल कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# साम्प्रदायिक सौहार्द की प्रतीक है रोजा इफ्तार पार्टी

**चरथावल।** प्रमुख समाजसेवी हाजी इरफ़ान द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा की रोजा इफ्तार पार्टी से जहाँ भाईचारे को बढ़ावा मिलता है और देश मे जहाँ भाईचारे से ही खुशहाली आती है वही मिलजुलकर रहना ही हमारी संस्कृति की पहचान है सांसद द्वारा भाजपा सरकार पर रोजगार खत्म करने व महंगाई को बढ़ावा देने की भी बात कही इस दौरान चेयरमेन मास्टर इस्लाम, सुदेश प्रधान, भूरा आढ़ती,काला मेंबर, आलम त्यागी, फिरोज मेंबर, मुकेश सिंहल सहित अनेको मौजूद रहे

## मिशन शक्ति 5.0 में मीरापुर पुलिस का सराहनीय कार्य

**मीरापुर।** मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना मीरापुर की महिला हेल्प डेस्क टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए एक मंदबुद्धि युवती को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी, तभी कस्बा मीरापुर में एक युवती संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई मिली। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा संवे. दनशीलता के साथ पूछताछ करने पर युवती ने अपना नाम शहागुल पुत्री अब्दुल आहद निवासी मोहल्ला महादेव, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर बताया। इसके बाद पुलिस ने तत्काल उचित माध्यम से उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया और उन्हें थाने बुलाकर युवती को सकुशल सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक अपराध सुनील कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक ममता अत्री, महिला कांस्टेबल मधु और शोभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस के इस प्रयास की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

# आवारा कुत्तों का आतंक, बच्चों पर हमलों से दहशत

**खतौली।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। सड़कों पर खुलेआम घूम रहे कुत्तों के झुंड राहगीरों पर हमला कर रहे हैं, जिससे आमजन में डर का माहौल है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग अकेले निकलने से भी हिचकने लगे हैं।

शुक्रवार को शहर के कई इलाक. ोंकृहोली चौक, जीटी रोड और सैनी नगरकृमें करीब एक दर्जन कुत्तों का झुंड घूमता हुआ देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ये कुत्ते अचानक राह चलते लोगों पर झपटा मार देते हैं। खासतौर पर स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे इनके निशाने पर हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। बताया गया कि दिनभर में कई बच्चों और बड़ों पर हमले हुए, जिनमें कुछ लोग घायल भी हुए। घायलों को स्थानीय स्तर पर उपचार दिलाया गया। घटनाओं के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है और लोग अब समूह में निकलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं, जबकि स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।व्यापारियों का भी कहना है कि सुबह और शाम के समय कुत्तों का झुंड अधिक आक्रामक हो जाता है, जिससे बाजारों में आने-जाने वाले लोग भी डर के साए में रहते हैं। कई परिवारों ने बच्चों को अकेले बाहर भेजना बंद कर दिया है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि किसी बड़ी घटना से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

# अलविदा जुमे के साथ रुखसत हुआ माह-ए- रमजान

**दिनभर हुई रिमझिम बारिश में भी नहीं थमा अकीदतमंदों का उत्साह**

**शाह टाइम्स संवाददताा**

**बुढ़ाना।** माह ए रमजान के अलविदा जुम्मे की नमाज कस्बा बुढ़ाना और क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

इस दौरान बुढ़ाना पुलिस प्रशासन एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा और सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में लगभग हर जगह पर अलर्ट देखा गया। अलविदा जुम्मे के साथ साथ आज माह ए रमजान का भी आखिरी दिन था।

शनिवार को कस्बे और क्षेत्र मे धूमधाम के साथ ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

आज पूरे दिन घटा और बारिश के चलते हुए सवाल का चांद नजर तो नहीं आया लेकिन सऊदी अरब में आज ईद हुई है तो इस हिसाब से यहां शनिवार के दिन ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा।

इस बार माह ए रमजान के महीने में पांच जुम्मे आए। रमजान के पूरे महीने में तरावीह और कुरान पाक की तिलावत मोमीनों ने की।

रोजे भी रखे और गरीबों को सदका और खेरात भी किया। उधर बुढाना में आज शनिवार की सुबह ईदगाह में ईद की नमाज



आठ बजे होगी जबकि शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज कस्बे की मस्जिदों में अदा की गई।

नई बस्ती की नमरा मस्जिद में मौलाना आमिल और बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित मस्जिद ए कुबा में पेश इमाम मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी ने रमजान ओर ईद से संबंधित बयान किया।

इसके अलावा नन्हे बच्चे भी अलविदा जुमे की नमाज अपने परिजनों के साथ घर और मस्जिदों मे पढ़ते हुए नजर आए और साथ ही देश की खुशहाली के लिए खुदा ए पाक से दुआ भी मांगी।

# नगर व देहात में अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

**चरथावल।** कस्बे व देहात मे अलविदा जुमे की नमाज अमनो अमान के साथ अदा की गयी नगर की जुमामस्जिद, तकिये वाली,डेरे वाली, थाने वाली सहित अनेको मस्जिदों मे अलविदा जुमे की नमाज अदा करते हुए रोजेदारों ने देश की अमन शांति के लिए दुआ की वही वर्षा के कारण गली मुहल्लो मे पानी भी नजर आया नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई की भरपूर व्यवस्था की गयी थी वही कल ईद का त्यौहार होने के कारण बाजारों मे भरपूर रौनक नजर आयी और त्यौहार के चलते दुकानों पर भीड़ नजर आयी वही पुरे दिन हुई बर्षा से खरीददारों को परेशानी भी उठानी पड़ी।

# अन्य राज्य से पंजीकृत अधिवक्ता वोट नहीं डालेंगे

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढा़ना की नई कार्यकारिणी का चुनाव मॉडल बाइलॉज के अनुसार होगा। चुनाव अघ्धिकारी हरबीर सिंह और बाल किशन शर्मा ने शुक्रवार के दिन संयुक्त रूप से एक भैंट मे बतलाया कि अन्य राज्य से पंजीकृत अधिवक्ता वोट नही डाल सकेंगे। बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए बुढ़ाना बार एसोघ्सिएशन के दो गुट आमने सामने है। दोनों गुटों ने विघ्भिन्न पदों के लिए अपने अपने प्रत्याशियों का चयन भी कर लिया है। मुख्य चुनाव अघ्धिकारी ने बताया कि शनिवार ओर रविवार को अवकाश होने के कारण चुनाव के लिए कोई भी प्रक्रिया नही हो सकेगी। नामांकन पत्र 23 मार्च को 11 बजे से 3 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। सीओपी नंबर के बिना अघ्धिवक्ता को किसी भी पद पर चुनाव लडने का कोई भी अघ्धिकार नही होगा।

## शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी अलविदा जुमे की नमाज

**मीरापुर।** अलविदा जुमे की नमाज बारिश के बावजूद शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा के नेतृत्व में कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी गई। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा और विभिन्न इलाकों में लगातार पैदल गश्त कर हालात पर नजर रखी गई।दोपहर के समय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिदों में नमाज अदा की गई, जहां लोगों ने अमन-चौन और खुशहाली की दुआ मांगी। बारिश के बावजूद नमाजियों का उत्साह कम नहीं हुआ और सभी ने अनुशासन के साथ इबादत की। वहीं, रामराज थाना क्षेत्र में भी थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। उन्होंने क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने लोगों को आगामी ईद-उल-फ़ितर का त्योहार आपसी भाईचारे और सम्मान के साथ मनाने का संदेश दिया। शाम के समय भी पुलिस बल ने गश्त कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा, जिससे पूरे दिन माहौल शांतिपूर्ण बना रहा।

# लुहसाना में हिंदू वाहिनी की हुई महत्वपूर्ण बैठक



**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव लुहसाना में हिंदू वाहिनी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए शिवम चौहान को बुढ़ाना नगर अध्यक्ष और परासोली निवासी छोटा सैनी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह बैठक संगठन के जिला अध्यक्ष विशाल पाल के आह्वान पर बुलाई गई थी जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

बैठक में डॉक्टर सोनू कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष विशाल पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को आम जनता तक पहुंचाने का आ]वान किया। संगठन विस्तार के क्रम में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं।

शिवम चौहान को नगर अध्यक्ष और परासोली निवासी छोटा सैनी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और सक्रिय रूप से कार्य करने का आश्वासन दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में सुमित कश्यप, मोनू सैनी, ओमप्रकाश कश्यप, राजेंद्र कश्यप, कैलाश कश्यप, सुमित सैनी, विशाल सैनी, हर्ष सैनी, आशु, बिरजू सैनी आदि लोग भी मौजूद रहे।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में सुभाष चौहान को स्थान न मिलने से व्यापार मंडल में रोष

**जिला कार्यकारिणी को लेकर बढ़ रहा असन्तोष**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी को लेकर अब असंतोष के स्वर तेज होने लगे हैं। इसी क्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (पंजीकृत) के पदाधिकारियों ने भी नाराजगी व्यक्त की है। संगठन के जिला महामंत्री स्वराज वर्मा ने भाजपा नेता सुभाष चौहान को कार्यकारिणी में स्थान न दिए जाने पर कड़ा रोष जताया है।

उन्होंने कहा कि सुभाष चौहान पार्टी के अत्यंत कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो निरंतर जनसेवा में लगे रहते हैं। उनके प्रयासों से पाटह्र की छवि



भी सुख्रढ़ होती रही है। ऐसे में उन्हें कार्यकारिणी में शामिल न किया जाना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे व्यापारियों में भी असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है।

स्वराज वर्मा ने आरोप लगाया कि व्यापारी वर्ग हमेशा से भारतीय जनता पाटह्र का समर्थक रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों से ऐसा प्रतीत होता है कि पार्टी अब व्यापारियों की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले के जिम्मेदार पदाधिक. ारी केवल चाटुकार प्रवृत्ति के लोगों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है।उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि इसी प्रकार कार्यकर्ताओं की उपेक्षा जारी रही तो वर्ष 2027 के चुनाव में पार्टी को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

# सीकरी शरीफ में होगा महफ़िल बरसी का आयोजन



**मोरना।** सूफी हज़रत हिफ़्ज़ुर्रहमान की तीसरी महफ़िल-ए-बरसी का आयोजन रविवार को किया जाएगा।जिसमें बडी संख्या में अक़ीदत मन्द शिरकत करेंगे

मोरना क्षेत्र के गाँव सीकरी शरीफ में स्थित काशाना-ए-साबरी बुलबुल में रविवार को सूफी हजरत हिफजुर्रह्मान की तीसरी महफ़िले बरसी आयोजन पूर्व की भांति किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के शामिल होंगे।आयोजक फैज़ी मियां व मौलाना उमर अब्बास लतीफी सज्जादा नशीन दरगाह साबरी बुलबुल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत नमाज़-ए-ज़ोहर के बाद कुरआन ख्वानी से होगी। इसके बाद नमाज़-ए-मगरिब के बाद ख़त्म-ए-कादरिया शरीफ और उसके उपरांत लंगर-ए-साबरी का आयोजन किया जाएगा। रात में नमाज़-ए-इशा के बाद उलेमा-ए-कराम की तकरीरें, नाते पाक व मुनकबत ख्वानी तथा कुल शरीफ व खास दुआ होगी कार्यक्रम के अंत में रंग व मुख्तसर महफ़िल-ए-कव्वाली भी प्रस्तुत की जाएगी। इस मौके पर हज़रत सादुल अफ़ाज़िल, हज़रत साबरी बुलबुल और हज़रत मज़हर-ए-साबरी बुलबुल से जुड़े अकीदतमंद शिरकत करेंगे।

# भाकियूअ जिलाध्यक्ष ने की कार्यकारिणी भंग

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा ने शुक्रवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बतलाया कि आज ही तत्काल प्रभाव से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बुढ़ाना तहसील क्षेत्र, ब्लाक बुढाना क्षेत्र, ब्लाक शाहपुर क्षेत्र और तहसील क्षेत्र की समस्त ग्राम इकाईयों की कार्यकारिणी किसी कारण से भंग की जाती है। समय को देखते हुए जल्द ही नयी कार्यकारिणी का गठन कर लिया जायेगा ।

# पश्चिमी सभ्यता का त्याग करें युवा: डॉ कपिल कश्यप

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय पर हुतात्मा नाथूराम गोडसे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हिंदू नव वर्ष की शुरुआत की गई और कार्यालय पर भागवत लहराकर हिंदू नव वर्ष का स्वागत किया यह सब सर पर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा द्वारा कहा गया कि हमें पश्चिमी सभ्यता का त्याग करना होगा और हिंदू संस्कृति को अपनाकर उसे आगे बढ़ना होगा हम 2083 में आ गए हैं और अंग्रेजी नव वर्ष सभी 2023 में ही चल रहा है इससे साबित होता है कि हिंदू सनातन धर्म का नव वर्ष ही वास्तव में नव वर्ष है अंग्रेजी नव वर्ष के समय लोग सर्दी से थिएटर पर रहते हैं।

शराब सिगरेट का सेवन करते हैं जबकि हिंदू नव वर्ष का स्वागत श्रम प्रकृति करती है।

अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कपिल कश्यप ने कहा कि आजकल के युवा




पश्चिमी सभ्यता की ओर दौड़ रहे हैं जो उनके पतन का कारण बना है युवाओं को पुन: भारतीय संस्ख्रति की ओर लौटना होगा तभी हम आने वाले समय में भारत को हिंदू राष्ट्र बन पाएंगे अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ कपिल कश्यप ने सभी हिंदू वीरों को मिठाई खिलाकर नव वर्ष का स्वागत किया और आवाहन किया कि प्रत्येक भारतवासी केवल हिंदू नव वर्ष बने पश्चिमी सभ्यता का त्याग करें इस अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षों केंद्र वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कपिल कश्यप राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साक्षी वर्मा टीटू कुमार सावन प्रजापति राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सोना सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जनपद में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण की अदा

## अलविदा जुमे पर विश्व में अमन-शांति के लिए दुआओं में उठे हजारों हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलेभर में शुक्रवार को माहे रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर खुदा से देश में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर पुलिस बल भी तैनात रहा, ताकि नमाज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। अलविदा जुमे की तैयारियों के लिए शुक्रवार सुबह से ही शहर के मुस्लिम मोहल्लों, बस्तियों और कॉलोनियों में चहल-पहल देखने को मिली। लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई की और मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया। शहर की प्रमुख मस्जिदों में विशेष प्रबंध किए गए थे और नमाज को अदा कराने के लिए इमामों ने सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी थी। शहर के जामा मस्जिद में शाही इमाम मोलाना शौकीन ने दोपहर एक बजे नमाज अदा कराई। इमाम ने नमाजियों को ईद का पर्व भाईचारे, एकता और आपसी सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। इसके अलावा शहर के अन्य प्रमुख मस्जिदों जैसे मोहल्ला



पंसारियान स्थित कलंदरशाह वाली मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद, चांद मस्जिद, अक्शा मस्जिद, नुरानी मस्जिद, मुहम्मदी मस्जिद, गढ़ीवाला मस्जिद और मक्का मस्जिद में भी अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चौन की दुआ की। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की मौजूदगी ने भी यह सुनिश्चित किया कि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। थानाभवन संवाददाता के अनुसार रमजान माह के आखिरी जुम्मे, जिसे अलविदा जुम्मा कहा जाता है, के अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान के साथ नमाज अदा की गई। इस मौके पर थानाभवन की विभिन्न मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे और पूरी अकीदत के साथ इबादत की। अलविदा जुम्मा के महत्व को देखते हुए सुबह से ही मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चौन, भाईचारा, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर अलविदा जुम्मा की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मस्जिदों के आसपास विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा के दृष्टिगत थाना भवन पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रही। प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो सके। पुलिस अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रखी। नमाज का कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाओं की सराहना की। अलविदा जुम्मा के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सौहार्द और शांति का संदेश देखने को मिला।

## जयंत चौधरी को मिली धमकी पर रालोद कार्यकर्ताओं में छाया रोष

### कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** केंद्रीय राज्यमंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आने के बाद कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। पार्टी पदाधिकारियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि जयंत चौधरी को व्हाट्सएप के माध्यम से जान से मारने की धमकी भरा संदेश भेजा गया, जिसके बाद रालोद कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। शुक्रवार को शहर के नाला पटरी क्षेत्र में जिला महासचिव रामकुमार वर्मा ने प्रेस नोट जारी कर इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। रामकुमार वर्मा ने कहा कि जयंत चौधरी एक जनप्रिय नेता हैं और उन्होंने हमेशा किसानों के हितों की लड़ाई लड़ी है। वे सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व इस तरह की हरकतें कर देश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, जो बेहद निंदनीय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी एक व्यक्ति द्वारा फोन के माध्यम से यह धमकी दी गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से मांग की कि आरोपी की शीघ्र पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए और उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। रालोद कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की धमकियां लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा हैं और ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि मामले की गहन जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द कानून के दायरे में लाया जाए।

इस घटना के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश का माहौल है और वे अपने नेता की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जता रहे हैं। वहीं, पुलिस और संबंधित एजेंसियों से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की जा रही है।

## विजय चौक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के विजय चौक के पास एक बिल्डिंग की छत पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने जब शव को देखा तो हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि मृतक की पहचान हो सके और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

## ब्याज के पैसे मांगने पर महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जाफरपुर गांव निवासी उषा पत्नी बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब चार साल पहले उसने गांव के ही इसम पुत्र शेरा को डेढ़ लाख रुपये ब्याज पर दिए थे। शुरुआत में उसे एक साल तक ब्याज मिलता रहा लेकिन इसके बाद आरोपी ने रुपये देना बंद कर दिया और हर बार बहाने बनाकर टालता रहा। पीड़िता के मुताबिक 18 मार्च को आरोपी ने उसे हिसाब करने के बहाने एक सुनसान जगह बुलाया। वहां पहले से मौजूद उसके भाई जगत सिंह और बेटे अंगीत ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में उसको गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद किसी तरह जान बचाकर निकली स पीड़िता ने थाना भवन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



## दूसरे दिन हाउस लिस्टिंग की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के तहत फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन के सत्र में प्रतिभागियों को जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सभी 34 प्रश्नों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2027 की जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। इस बार जनगणना के लिए (एचएलओ) हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिसके माध्यम से डाटा संग्रहण किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी फील्ड ट्रेनर्स को ऐप पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस कराई गई, ताकि वे भविष्य में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को भी इसका प्रभावी प्रशिक्षण दे सकें। इसका उद्देश्य डाटा संग्रहण की सटीकता, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर श्री सचिन विकल, श्री शिव कुमार भारती और श्री रंजीत कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को डिजिटल प्रणाली के उपयोग, प्रश्नों की प्रकृति और सही तरीके से जानकारी दर्ज करने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। सत्र के दौरान अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वत्र्ञ ने भी फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़े सभी प्रश्नों और उनकी बारीकियों को गंभीरता से समझा जाए, ताकि भविष्य में डाटा संग्रहण के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो और कार्य प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। प्रशिक्षण सत्र के अंत में श्री शिव कुमार भारती ने जनगणना पर आधारित एक प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और नीति निर्धारण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता का महत्वपूर्ण पर्व है।

# अलविदा जुमे पर भी नहीं साफ हुआ कूड़ा

## सीएचसी गेट के पास गंदगी का अंबार, पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के समीप लगे कूड़े के ढेर ने पालिका प्रशासन और संबंधित सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। शुक्रवार को अलविदा जुमा जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर भी सफाई न होने से स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी नाराजगी देखने को मिली।नागरिकों के अनुसार यह मार्ग मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। एक ओर सरकारी अस्पताल है, जहां मरीज उपचार के लिए आते हैं, वहीं दूसरी ओर मस्जिद स्थित है। इन दोनों अहम स्थानों के बीच जमा गंदगी का ढेर लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध के कारण राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो रहा है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सफाई नायक को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद सफाई




न होना लापरवाही को दर्शाता है।रमजान माह के अलविदा जुमा के मौके पर बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए निकलते हैं। ऐसे में रास्ते में फैली गंदगी को लेकर लोगों में खासा रोष है। नागरिकों का कहना है कि एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार कर्मचारी त्योहारों के दिन भी उदासीन बने हुए हैं। अस्पताल और मस्जिद के पास इस तरह की गंदगी बीमारियों को बढ़ावा दे सकती है।नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर अब पालिका प्रशासन की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कूड़े का निस्तारण नहीं किया गया और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगे।





# ईद-उल-फितर को लेकर तैयारियां तेज

## मस्जिदों व ईदगाह में चला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर जनपद में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका और सामाजिक संगठनों ने मिलकर धार्मिक स्थलों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने का कार्य किया।

शुक्रवार सुबह से हो रही बूंदाबांदी के बावजूद मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की तैयारियों में कोई कमी नहीं रखी। मोहल्लों और कॉलोनियों में लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई की और रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट की। पूरे शहर में त्योहार को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। ईद की नमाज को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग भी पूरी तरह सतर्क नजर आए। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। वहीं, जमीअत उलेमा-ए-हिंद के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने मस्जिदों के आसपास सफाई अभियान चलाकर कूड़ा-कचरा हटाया और स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में सफाई कर्मियों की टीम ने शहर के कैराना रोड स्थित ईदगाह में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान ईदगाह परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ कली द्धचूनात्र्ञ का छिड़काव किया गया, जिससे वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे। सफाई कर्मियों ने इस अवसर पर लोगों को ईद की शुभकामनाएं भी दीं। प्रशासन द्वारा ईद की नमाज के समय भी निर्धारित कर दिए गए हैं। कुल मिलाकर, ईद-उल-फितर को लेकर पूरे शहर में उत्साह, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कैराना रोड स्थित ईदगाह में नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी।
इसके अलावा मुहम्मदी मस्जिद सलेक विहार में 7:15 बजे।
कुरैशियान मस्जिद काजीवाड़ा में 7:00 बजे।
जामा मस्जिद में 8:30 बजे,
मस्जिद फतेहपुरी पंसारियान में 7:40 बजे।
मदरसा दिल्ली रोड में 7:45 बजे
मस्जिद अक्सा में 7:50 बजे नमाज अदा की जाएगी।

# ईद से पहले बाजारों में उमड़ी भीड़, देर रात तक चली खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सुबह से शुरू हुई खरीदारी देर रात तक जारी रही। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे हर तरफ उत्साह और त्योहार का माहौल नजर आया।

शनिवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही, लेकिन इसका असर खरीदारी पर नहीं पड़ा। ईद की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लोग बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंचे। मुस्लिम समाज के लोगों ने अलविदा जुम्मा की नमाज अदा करने के बाद खरीदारी तेज कर दी, जिससे दोपहर बाद बाजारों में भीड़ और बढ़ गई। रेडीमेड गारमेंट, कपड़ा, कॉस्मेटिक, जूता-चप्पल और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। खासकर महिलाओं की मौजूदगी कॉस्मेटिक और कपड़ों की दुकानों पर अधिक देखने को मिली। वहीं बच्चों और युवाओं में नए कपड़े, जूते और फैशन से जुड़े सामान खरीदने का खास उत्साह नजर आया। इसके अलावा किराना, बेकरी और कन्फेक्शनरी की दुकानों पर भी ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। ईद पर बनने वाली खास मिठाई 'शीर' के लिए सेवई और सूखे मेवों की जमकर खरीदारी हुई। बादाम, काजू, पिस्ता, छुहारे सहित ड्राई फूट की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। शहर के बड़ा बाजार, नया बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक, कबाड़ी बाजार, आजाद चौक, कलंदरशाह और नेहरू मार्केट सहित सभी प्रमुख बाजार देर रात तक खुले रहे। बाजारों में रोशनी और सजावट के बीच खरीदारी करते लोगों की चहल-पहल से पूरा शहर त्योहार के रंग में रंगा नजर आया। दुकानदारों के अनुसार इस बार ईद पर खरीदारी पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर रही है, जिससे व्यापारियों में खासा उत्साह है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

## व्यापारी शुद्ध और बिना मिलावट का सामान ही बेचें: घनश्याम दास गर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयु क्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शहर के व्यापारियों से अपील की है कि वे खाद्य सामग्री बेचते समय शुद्धता और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को हमेशा साफ-सुथरा और बिना मिलावट का सामान उपलब्ध कराना ही सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की सामाजिक बुराई से दूर रहना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुटू का आटा, मसाले, मिठाई, मावा, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों में किसी प्रकार की मिलावट नहीं की जानी चाहिए। यदि कोई व्यापारी मिलावटी या अशुद्ध सामान बेचते हुए पाया जाता है और उसके खिलाफ कार्रवाई होती है, तो व्यापार मंडल ऐसे व्यापारी का किसी भी परिस्थिति में समर्थन नहीं करेगा। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि जो खाद्य सामग्री व्यापारी बेचते हैं, वही उनके अपने परिवार के लोग भी उपयोग करते हैं। इसलिए मिलावट करना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई भी है, जिससे सभी को बचना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से यह भी अनुरोध किया कि वे अपने व्यापार में पारदर्शिता और नैतिकता बनाए रखें, ताकि उपभोक्ताओं के साथ विश्वास और भरोसा बना रहे। इसके साथ ही उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सचेत किया कि किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न सैंपलिंग या जांच के नाम पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो व्यापार मंडल शुद्ध व्यापार करने वाले व्यापारियों के साथ खड़ा रहेगा और उनके हितों की रक्षा करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर यह भी कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाना और व्यापार में नैतिकता बनाए रखना हर व्यापारी का कर्तव्य है।

## मुल्लापुर गांव में कार सवार युवकों ने कई राउंड फायर कर फैलाई दहशत

# दिनदहाड़े हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से भय का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मुल्लापुर में शुक्रवार दोपहर को उस समय सनसनी फैल गई जब बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया।

गांव मुल्लापुर निवासी गुलाब पुत्र भुल्लन ने थाना भवन थाने में दी तहरीर देकर बताया कि 20 मार्च को वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा था। तभी एक सफेद रंग की कार में सवार तीन लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि कार सवारों ने गांव के ही एक युवक का नाम लेते हुए उसे जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित के बताया कि हमलावरों ने करीब 10 राउंड फायरिंग की इतना ही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी गाड़ी मोड़कर दोबारा लौटे और फिर से फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए फरार हो गए। गनीमत रही कि पीड़ित इस हमले में बाल-बाल बच गया। घटना के बाद पीड़ित ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है स वही ग्राम प्रधान नीटू ने बताया कि गांव के ही एक युवक व उसके दो साथियों के साथ गाड़ी से आकर पहली बार में तीन राउंड फायरिंग की गई वह बाद में गाड़ी से दोबारा जाकर पांच बार फिर फायरिंग की गई सवहीं घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और घटनास्थल से गोली के खोखे बरामद किए इस मामले में क्षेत्राधिकारी थानाभवन अमरदीप मौर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।





घटनास्थल से पुलिस द्वारा पिस्टल की गोलियों के खोखे बरामद हुए हैं स आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग की घटना ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं वहीं ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# प्रभारी मंत्री ने गिनाई नौ वर्ष की उपलब्धियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 09 वर्ष विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के अवसर पर माननीय मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने आज सरकार की 09 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

सर्किट हाऊस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूल किट, लैपटॉप, बीज किट, आयुष्मान कार्ड एवं आवास की प्रतीकात्मक चाभी वितरित किये गये। मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों की स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का भी अधिकारियों एवं आमजनों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व महापौर संजीव वालिया सहित अन्य जनप्रति. निधिगण एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# भाई चारे के साथ मनाएं ईद उल फितर:दानिश खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**तीतरो।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नगर पंचायत तीतरो युवा कांग्रेस नेता दानिश खान ने कहा है आगामी ईद 2026 को प्यार और भाईचारे के साथ मानाने का काम करे किसी भी तरह की गलत अफवाओ से बचे ये त्यौहार अमन और शांति का प्रतिक है और जिस तरिके सै देश मे भारतीय जनता पार्टी जर घोलने का काम कर रही है।

दानिश खान ने कहा कि कांग्रेसीयो को उसके विपरीत राहुल गाँधी जी का पैगाम लेकर चलना है मोहब्बत की दुकान नफरत को मोहब्बत सै हराने का काम करे

# ईदगाह पर डीआईजी एसएसपी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी ईद-उल-फितर पर्व को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में आज पुलिस उपमहा. निरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर अभिनंदन सिंह ने अम्बाला रोड स्थित बड़ी ईदगाह का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ईदगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस बल को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण, यातायात को सुचारू बनाए रखने एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से भी अपील की गई कि वे प्रशासन का सहयोग करें और शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं।

# ईद उल फितर की नमाज को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** अलविदा जुमे की नमाज के बाद प्रशासनिक अधिकारियों व मुस्लिम धर्मगुरुओं की संयुक्त बैठक में ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर अहम निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट अपील की कि शासन की गाइडलाइंस का पालन करते हुए सड़कों पर नमाज अदा न की जाए और सभी लोग निर्धारित स्थानों पर ही नमाज पढ़ें ताकि कानून व्यवस्था व यातायात प्रभावित न हो।



बारिश के बावजूद क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की। नमाज के बाद क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष शाहनवाज खान व कारी इमरान सहित अन्य लोगों ने बैठक कर ईद की नमाज को लेकर विस्तार से चर्चा की और सभी से प्रशासनिक निर्देशों के पालन की अपील की।

बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और नमाजियों की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि ईद का पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके और आपसी सौहार्द बना रहे।

# अलविदा जुमे की नमाज अदा, अमनो अमान की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मुकददस रमजान माह के अलविदा जुमे की नमाज मुस्लिमों ने अकीदत के साथ अदाकर मुल्क व कौम की तरक्की, खुशहाली और अमनों अमान की दुआएं मांगी। जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा हेतु पुलिस-प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किये गये। एस डीएम तथा सीओ मस्जिदों के आस पास पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करते रहे।

शाही जामा मस्जिद में आने वाले नमाजियों का नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान और ईदगाह कमेटी के लोगों ने स्वागत किया। मुकद्दस रमजान के अलविदा जुमे की नमाज नजर व ग्रामीण क्षेत्रो में अकीदत के साथ नमाजियों ने अदा की। नगर की शाही जामा मस्जिद में इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी ने,जाहिदिया मसीजिद में मुफ्ती मोहम्मद आमिर, मनिहारो वाली मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद शादाब ने, थाने के बराबर वाली मस्जिद में कारी सनाउल्लाह ने, मदरसा कसूरुल उलूम वाली मस्जिद में काजी मोहम्मद साजिद कुरैशी ने अलीशान वाली मस्जिद में कारी मोहम्मद तसलीम ने और बस स्टैंड स्थित शेखों वाली मस्जिद में मुफ्ती असजद, मस्जिद उमर फारूख में कारी उस्मान अंजुम ने अदा कराई।इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में मिर्जापुरपौल,रायपुर,बादशाहीबाग,नौगावा,संसा



रपुर,मुजफ्फराबाद,कलसिया,सलेमपुर, दबक. ेरा,रीढी ताजपुरा,नगला झंडा आदि ग्रामीणों की अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई नमाज के बाद कौम की सलामती देश में खुशहाली,आपसी भाईचारे व आमनो अमान की दुआए की गई। नमाज से पहले उलेमा-ए-किराम ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह महीना सब्र, रहमत और मगफिरत का है।

उन्होंने रोजा, नमाज, तरावीह और कुरआन-ए-पाक की तिलावत की अहमियत पर रोशनी डाली और लोगों को नेक राह पर चलने की नसीहत की। साथ ही समाज में भाईचारा, आपसी मोहब्बत और एकता बनाए रखने की अपील की गई। जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया। एस डीएम मानवेन्द्र सिंह सीओ एस एन वैभव पांडेय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे भ्रमण करते रहे।

# नमाज के बाद भाईचारे की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में की सभी मस्जिदों में रमजान के अलविदा जुमा की नमाज सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की देख रेख में शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ दिखाई दी। हजारों नमाजियों ने एक साथ सजदा कर अपने मुल्क की तरक्की, सलामती, अमन चौन व भाईचारे के लिए दुआए मांगी।

शुक्रवार को पाक माह रमजान के अलविदा जुमा पर क्षेत्र की सभी मस्जिदे नमाजियों से भरी हुई नजर आई। सुबह के समय से ही नमाजी लोग मस्जिदों की ओर आना शुरू हो गए थे। बड़ो के साथ साथ नन्हे नन्हे बच्चे भी नए नए कपड़े पहनकर मस्जिदो की ओर आते दिखाई दिए। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर नमाजियों के चेहरे पर खुशी की झलक देखते ही बन रही थी। नमाज के पहले मरकज जामा मस्जिद चिल. काना के इमाम मौलाना मुहम्मद मुअव्वज ने अपने बयान में फितरा व जकात के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ईद की नमाज से पहले पहले जकात मुस्तहिक तक पहुंचाने को कहा।

उन्होंने ईद उल फितर की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर अदा करने व किसी भी सूरत में सड़क पर नमाज अदा न करने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

नमाज के समय सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस के जवानों का पहरा रहा। सुबह के समय से ही पुलिस टीम के जवान नगर एवं क्षेत्र में गश्त करते हुए नजर आये।

# नववर्ष व आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** आर्य समाज जनक नगर द्वारा नववर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया।

आचार्य शिवकुमार शास्त्री द्वारा यज्ञ कराया गया। जिसमें मनोज गुप्ता मुख्य यजमान रहे। जिसके बाद गुरूकुल वृंदावन के अधिष्ठाता एवं प्रदेश सभा के प्रधान आचार्य सादेश आर्य ने कहा कि सब लोग श्रेष्ठ बनकर अपने-अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें। संगठन एवं समाज के लोग देवताओं की भांति अपने कार्य करें। आज की परिस्थिति में भ्रष्टाचार तह तक पहुंच चुका है। आर्य समाज में पदों को लेकर होड और प्रतिस्पर्धा निम्न श्रेणी तक पहुंच रही है। ऐसे में आर्य समाज के सजग एवं चरित्रवान कार्यकर्ता का उत्तरदायित्व बढ जाता है। प्रदेश सभा



के उपमंत्री पंकज आर्य ने कहा कि आर्यत्व अपनाकर सर्मपण भाव से अपने परिवार एवं बच्चों को आर्य समाज और आर्यवीर दल के संरक्षण में संस्कारित करें। आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि यज्ञ आदि कर्मो को बढचढकर करना चाहिये। भजनोपदेश राजवीर आर्य, भूपेश आर्य, श्रीमती सुषमा आर्य ने गीतों के माध्यम से प्रेरणादयी संदेश दिया।

अध्यक्षता आर्य समाज जनक नगर की प्रधान श्रीमती निर्मल आर्य एवं संचालन जिला मंत्री अवनीश आर्य ने किया। इस दौरान आर्यवीर दल के संचालक पंकज आर्य, अशोक आर्य, राजेश आर्य, अनुराधा आर्य, जिला सभा के प्रधान महिपाल आर्य, बीना आर्य, प्रज्ञा आर्य, देवपाल, मांगेराम, समर सिंह, विनोद, नसीब सिंह वर्मा, महावीर सिंह, सरिता आर्य, अनिल आर्य, वीर सिंह, जगपाल सिंह, जनेश्वर आर्य, अरूण आर्य, प्रीतम सिंह आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# बारिश ने बढाई ठंडक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बृहस्पतिवार से रुक-रुक कर हो रही बरसात में सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है और वहीं रमजान माह के बाद ईद-उल-फितर पर्व की तैयारी को लेकर भी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उधर बाजार में भी ईद की खरीदारी को लेकर काफी कम भीड़ देखने को मिल रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से हो रही रुक-रुक कर बरसात के कारण सामान्य जनजीवन पूरी तरह एस्ट्रेस हो गया है और केवल जरूरी काम के लिए ही लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। सरकारी अर्ध सरकारी कार्यालय में अघोषित अवकाश जैसी स्थिति बनी हुई है। सड़कों पर लोगों आवाजाही काम रही और वाहनों की रफ्तार को भी काफी ब्रेक लग गया अधिकांश लोग अपने घरों में ही दुबते रहे। जिस कारण सामने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। उधर रमजान के बाद ईद उल फितर त्यौहार को लेकर बाजारों को विशेष रूप से सजाया गया है लेकिन ग्राहकों के संख्या कम होने के कारण दुकानदारों के चेहरे पूरी तरह मायूस दिखाई पड़ रहे हैं। बाजार में पूरी तरह खघमोशी छाई हुई है और अधिकांश दुकानें खाली खाली नजर आ रही है जिसको लेकर दुकानदारों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि चांद रात को देखते हुए बाजार में विषय तैयार की गई थी और दुकानों को भी आकर्षक ढ़ग से सजाया गया था। देर शाम तक बाजारों में खरीदारों की भीड़ नहीं उंगली हुई थी और अभी भी दुकानदार रात होने का इंतजार और बारिश बंद होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

# नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रहाचारिणी की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज दूसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना व्रत रखा। इस अवसर अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि माता ब्रह्मचारिणी की शक्ति से ही सृष्टि का सृजन हुआ।

राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चौत्र नवरात्रि महोत्सव म। दूसरे नवरात्रि पर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधिवत की गई और मां भगवती की अष्टधातु प्रतिमा का पंचामृत से महा स्नान किया गया और दुर्गा सहस्त्रनाम स्तोत्र से मां आदिशक्ति ब्रह्मचारिणी माता का महा अभिषेक किया गया। इसके उपरांत मां भगवती का श्रंगार कर भोग अर्पण किया गया और माता की दिव्य एवं भव्य आरती उतारी गई। मां ब्रह्मचा. रिणी महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां आदिशक्ति ब्रह्मचारिणी का प्राकट्य ब्रह्म शक्ति के रूप में ब्रह्मा जी के कमंडल से हुआ। मां ब्रह्मचा. रिणी की मूल शक्ति के द्वारा ही ब्रह्मा जी सृष्टि का सृजन कर पाए अर्थात मां ब्रह्मचारिणी सृष्टि के मूल की देवी हैं जो ज्ञान वैराग्य एवं भक्ति के साथ-साथ शक्ति की देवी मानी जाती हैं। उन्होंने कहा मां ब्रह्मचारिणी का वेश साधक एवं तपस्वी जैसा है, गले



में रुद्राक्ष की माला हाथ में कमंडल जो भगवती के वैराग्य रूप है। कमंडल अन्नपूर्णा का रूप है जिससे वह संसार का भरण पोषण करती है। महाराज श्री ने कहा कि माता ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान, वैराग्य, धन, समृद्धि एवं सुख शांति की कृपा प्राप्त होती है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रत्येक जीव को अपने जीवन में तब ज्ञान एवं वैराग्य को धारण कर मां भगवती की शरणागत हो जाना चाहिए। इसी से जीव का कल्याण संभव है।

इस अवसर पर पंडित ऋषभ शर्मा, रामेश्वरम शर्मा, राजेंद्र धीमान, राकेश राय, अश्विनी काम्बोज, अमृत कश्यप, सागर गुप्ता, बबीता, राजबा. ला, कुसुम, रेखा, पूनम आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सहारनपुर नगर निगम सम्पत्ति अनुभाग

पत्रांक: 1369 / सम्प०अनु०/ न०नि० सहा0/2025-26 — दिनांक 20/03/2026

**ई-निविदा**

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये ठेका पार्किंग टैक्सी स्टैण्ड वाली भूमि एवं ठेका पशु मण्डी कमेला रोड हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है, ऑफरदाता ऑनलाईन टैण्डर प्रकिया में भाग ले सकते है:-

| क्र.सं. | पत्रा0 सं0 | ठेके का नाम | हैसियत प्रमाण पत्र अथवा बैंक सॉल्वेंसी | जमानत राशि | वर्ष 2025-26 में जमा धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | न्यूनतम ऑफर (मय जी.एस.टी.) वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | NZ2 | ठेका पशु मण्डी कमेला रोड | 12,40,000/- | 03 लाख 10 हजार | 31,00,000/- | 31,00,000/- |
| 2 | NZ4 | ठेका पार्किंग टैक्सी स्टैण्ड वाली भूमि | 10,24,000/- | 02 लाख 56 हजार | 25,60,000/- | 25,60,000/- |

**निविदा शर्ते निम्नवत है -**

3. प्रत्येक ठेके के निमित्त तकनीकी निविदा में निम्नलिखित प्रपत्र प्रस्तुत करने होंगे:-

- आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, नगर आयुक्त महोदय को सम्बोधित अंकन 100 रू0 के नोटरी शपथ पत्र (फोटो सहित) जिसमें यह तथ्य अंकित होगा कि वह किसी भी संस्था का बकायेदार नहीं है, और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ है, निविदा संख्या / नीलामी संख्या अंकित करते हुये निविदा/नीलामी के साथ अपलोड करने होंगे। निविदा के साथ अपलोड करने होंगे।
- निविदा में केवल फर्म, पार्टनर फर्म, कम्पनी ही प्रतिभाग कर सकते है, Joint Venture प्रतिभाग नहीं कर सकते है, पार्टनरशिप फर्म की स्थिति में समस्त पार्टनर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।
- प्रत्येक ठेके की निमित्त निर्धारित जमानत धनराशि व टैण्डर शुल्क अंकन 1000+180= 1180/- रू० (जी०एस०टी० सहित) ई-टैण्डरिंग के माध्यम से जमा करनी होगी।

2-ठेके से संबंधित सभी शर्तें सम्पत्ति अनुभाग में देखी/पढी जा सकती है व सूचना व शर्तें नगर निगम की वेबसाईट www.saharanpurnagarnigam.com व एन०आई०सी० की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in पर भी उपलब्ध है।

3-ठेका बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

4-जिन ठेकेदारों द्वारा गत वर्षों के ठेके की समस्त धनराशि नगर निगम कोष में जमा नही करायी गयी है, उनका ऑफर मान्य नहीं होगा, तथा जिन ठेकेदारों को नगर निगम द्वारा डिफाल्टर घोषित / ब्लैकलिस्टेड किया हुआ है, वह भी निविदा में भाग नहीं ले सकेगें।

5-ऑनलाईन निविदा दिनांक 27.03.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाईन के माध्यम से डाली जायेगी, एवम् तदिद्दनांक को सायं 03:00 बजे निविदा गठित समिति एवं निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

कर अधीक्षक (सम्पत्ति)
नगर निगम, सहारनपुर।

सह सम्पत्ति प्रभारी
नगर निगम, सहारनपुर।

# श्रद्धा व आस्था के साथ मां भगवती का गुणगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में गोविंद विहार कॉलोनी में नवरात्रों के पावन पर्व पर माँ भगवती का गुणगान कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन परम पूज्य आशुतोष महाराज की शिष्याओं-साध्वी अंबालिका भारती, सोम प्रभा भारतीी एवं पूजा भारती के सान्निध्य में हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भजनों एवं प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति का गूढ़ रहस्य समझाया और जीवन में आध्यात्मिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मन की पावन ज्योति प्रज्वलित करने का वास्तविक अर्थ क्या है। हमारे धार्मिक शास्त्रों एवं ग्रंथों में इस दिव्य ज्योति का विशेष महत्व वर्णित है। इसी संदर्भ में प्रसिद्ध श्लोक प्रस्तुत किया गया।

वक्ता ने समझाया कि यह ज्योति मात्र बाहरी दीपक नहीं, बल्कि हमारे अंतर्मन में स्थित दिव्य चेतना का प्रतीक है। सद्गुरु की कृपा से जब मनुष्य की दिव्य दृष्टि जागृत होती है, तब वह उसी भर्गो ज्योति का साक्षात्कार अपने ही घट के भीतर, दशम द्वार पर करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस दिव्य ज्योति के दर्शन से मनुष्य के अंतर्मन में गहन शांति का संचार होता है, चित्त स्थिर होता है और वह आत्मिक आनंद की अनुभूति करने लगता है। यही अनुभूति जीवन को सही दिशा प्रदान करती है और सच्चे आध्यात्मिक मार्ग का द्वार खोलती है। कार्यक्रम के दौरान माँ भगवती की पावन आरती बड़े श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न की गई, जिसके उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस पावन क्षण में सभी भक्तगण भक्ति एवं आनंद से अभिभूत दिखाई दिए। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने माँ भगवती से सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामना की। यह आयोजन न केवल भक्ति का अद्भुत संगम बना, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक जागरण का प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुआ।

## कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

पत्रांक 3442/स.वि. प्रा./ जोन-06/2025-26 — दिनांक 19/03/.2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार पुत्र श्री श्याम लाल द्वारा खसरा संख्या 157/1, दरा शिवपुरी स्वाद, सहारनपुर पर औद्योगिक (Servicing and Repairing of T-V-] Lcd] Led and Electrical Appliances) निर्माण की स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र संख्या एसडीए /एएनआई/2025/0003275 ( भूखण्ड क्षेत्रफल 286.65 वर्गमीटर) प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'आवासीय' के अन्तर्गत आता है एवं 30.00 मीटर चौडे महायोजना मार्ग पर स्थित है। जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में औद्योगिक (Servicing and Repairing of T-V-] Lcd] Led and Electrical Appliances) क्रिया अनुमन्य है।

अत: प्रश्नगत स्थल पर उपर्युक्त विचाराधीन शमन मानचित्र की स्वीकृति के सम्बंध में यदि किसी की कोई आपत्ति / सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के 15 दिन के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है।

**उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे पुलिस भर्ती का आरोप, अब सीओ जांच में खुलेंगे राज!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले के किठौर थाना क्षेत्र से पुलिस भर्ती में बड़े फर्जीवाड़े की गूंज उठी है। गांव फतेहपुर नारायण का एक मामला सामने आया है, जिसमें आरोप है कि एक युवक ने जालसाजी के जरिए उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी हासिल कर ली। मामला खुलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और जांच सीओ (पुलिस उपाधीक्षक) को सौंप दी गई है। शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में दावा किया है कि आरोपी युवक ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर शैक्षिक प्रमाणपत्रों में हेरफेर की। आरोप है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के दस्तावेजों में जन्मतिथि और अभिभावकों के नाम तक बदल दिए गए, ताकि भर्ती प्रक्रिया में फायदा मिल सके।

बताया जा रहा है कि युवक ने वर्ष 2023 की पुलिस भर्ती में आवेदन कर चयन भी हासिल कर लिया और वर्तमान में बरेली में ट्रेनिंग पर तैनात है। शिकायत में अभ्यर्थी के रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर समेत तमाम साक्ष्य भी सौंपे गए हैं, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। मामले के सामने आते ही अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और जांच सीओ स्तर के अधिकारी को सौंप दी। अब पूरे प्रकरण की गहन छानबीन की जा रही है, जिसमें दस्तावेजों की सत्यता और भर्ती प्रक्रिया में संभावित मिलीभगत की भी जांच होगी। इधर, गांव और आसपास के इलाकों में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर आरोप सही निकले तो भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा हो सकता है। अब सबकी नजरें सीओ की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, यह मामला सिर्फ एक युवक तक सीमित नहीं, बल्कि भर्ती सिस्टम की साख से भी जुड़ा हुआ माना जा रहा है।




# नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य विषय पर सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ प्रेरक व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस एवं कला और सामाजिक विज्ञान संकाय के भाषा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'नशा मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ललित कला संकाय स्थित सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी (सीआईडी) डॉ. अखिलेश कुमार निगम उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ जोन की एसपी (सीआईडी) अलका सिंह ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय की सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आर.के. जैन के स्वागत संबोधन से हुई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अलका सिंह ने छात्रों को जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को कानून के दायरे में रहकर सुरक्षित एवं सफल भविष्य बनाने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश कुमार निगम ने सरल एवं प्रभावी भाषा में छात्रों को नशे और अपराध से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के प्रति नागरिक कर्तव्यों को समझने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने पर विशेष बल दिया।




कार्यक्रम का समापन भाषा विभाग की अध्यक्षा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। व्यापार बन्धु बैठक का संयोजन जितेन्द्र कुमार रमन, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर मेरठ द्वारा कराया गया। उक्त बैठक में व्यापार बन्धु से सम्बन्धित कुल 25 समस्याएं शामिल थी। जिसमे से 05 समस्याओं का निस्तारण व्यापारी हित में कराया गया तथा लम्बित समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिकारियों/नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को सम्बंधित व्यापार मंडल को साथ लेते हुए संयुक्त रूप से भ्रमण करते हुए फोटो सहित समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम मेरठ, एसपी ट्रैफिक, मेरठ, यातायात निरीक्षक, मेरठ, ई.ई. आवास विकास परिषद, मेरठ, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, मेरठ, उपाध्यक्ष मेरठ विकास प्राधिकरण, अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि विभागों के अधिकारी एवं बैठक में विभिन्न व्यापार बन्धु एवं व्यापार मण्डल के विभिन्न पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

# सुभारती विवि में पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ, विद्यार्थियों में नेतृत्व व अनुशासन पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय, मेरठ के शिक्षा संकाय अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के सहयोग से बी.एल.एड. 8वें सेमेस्टर एवं बी.एड. 4 वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क तथा सामाजिक सेवा की भावना का विकास करना है, ताकि भावी शिक्षक व्यावहारिक अनुभव के साथ समग्र व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें। उद्घाटन समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार ने स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनोज राज ने अपने संबोधन में स्काउट एवं गाइड आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा का विकास करती हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को शिविर की सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए स्काउटिंग एवं गाइडिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। यह शिविर डॉ. रागिनी श्रीवास्तव एवं वैशाली सैनी के समन्वयन में आयोजित किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्काउटिंग एवं गाइडिंग के व्यावहारिक पहलुओं को सीखने में गहरी रुचि दिखाई।



शिविर के पहले दिन स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षक श्री अभिषेक माथुर ने प्रतिभागियों को स्काउट एवं गाइड आंदोलन के मूल सिद्धांतों एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने टीमवर्क, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के महत्व को समझाते हुए विभिन्न प्रकार के क्लैप स्काउट क्लैप, वेलकम क्लैप एवं थैंक यू क्लैप का प्रदर्शन किया। बेहतर समन्वय के लिए विद्यार्थियों को पंजाब, हरियाणा एवं गुजरात समूहों में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक समूह को एक लीडर सौंपा गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता विषयों पर चार्ट तैयार कर प्रस्तुति देने का कार्य भी दिया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास एवं संचार कौशल का विकास हो सके। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को दैनिक गतिविधियों का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। प्रथम दिवस अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण रहा, जिसने आगामी सत्रों के लिए मजबूत आधार तैयार किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रूबी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी शिक्षकों, समन्वयकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। यह शिविर प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध एवं उपयोगी शिक्षण अनुभव सिद्ध होने की अपेक्षा है।

**मवाना में पत्रकार के साथ हुई मारपीट का मामला**

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना में एमडीए के कर्मचारियों द्वारा पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार व मारपीट की ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन संगठन निंदा करता है। वहीं मवाना के पत्रकारों के साथ हर कदम पर साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।

बता दें कि मवाना में एमडीए द्वारा की गई कार्रवाई की कवरेज कर रहे पत्रकारों के साथ एमडीए के कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की थी जिससे पत्रकारो में भारी रोष है। इसे लेकर मवाना के पत्रकारों ने गुरुवार व शुक्रवार को मवाना थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी मामले को लेकर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक ऑनलाइन मीटिंग हुई जिसमें निंदा करते हुए कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन हर स्तर पर पत्रकारों के साथ है, इसके लिए मेरठ या लखनऊ तक भी धरना देना पड़ा तो साथ रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकारी कर्मचारी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान कर रहे हैं जो निंदनीय है। प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान व जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने भी आलोचना करते हुए कार्यवाही की मांग है। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्रीकांत अस्थाना, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, राष्ट्रीय एडवाइजर मनोज कश्यप, लीगल एडवाइजर दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू दुबे, प्रदेश सचिव उस्मान अली, क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला महामंत्री लियाकत मंसूरी, मुमताज अली, विवेक त्यागी, पंकज शर्मा, रामकिशन, सहित अनेक साथियों ने निंदा करते हुए समर्थन देने की बात कही है। वहीं इस मामले में मवाना तहसील अध्यक्ष अजय ठाकुर व तहसील प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा अपने दर्जनों साथियों के साथ धरने पर मौजूद हैं।

# आत्मनिर्भर भारत तभी संभव जब नागरिक स्वस्थ हों: राष्ट्रपति



**वृंदावन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को नगर के मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के सचिव सुप्रकाश आनंद एवं सह सचिव कालीकृष्णानंद ने बुके देकर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

इसके बाद राष्ट्रपति ने ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का लोकार्पण किया।रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने कहा कि आज कैंसर स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च-स्तरीय इलाज मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। लेकिन, कुछ परिवारों के लिए ऐसा लगता है कि उनकी आर्थिक परिस्थितियों के कारण, इस बीमारी का इलाज करवाना असंभव है।इसके बाद राष्ट्रपति वृंदावन स्थित नीव करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति का आश्रम में आगमन देवी मंदिर की ओर से हुआ, जहां पर उनका स्वागत राधाकृष्ण पाठक, देवेन्द्र कुमार शर्मा और सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन संदीप भटेले ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हनुमान मंदिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। हनुमान मंदिर की परिक्रमा लगाई। हनुमान मंदिर पर रामरूप पुजारी एवं टीसी शर्मा ने पूजा संपन्न कराई।हनुमान मंदिर के दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने नीव करौरी बाबा की समाधि स्थल व मंदिर के दर्शन किए। समाधि स्थल में उन्होंने पूजा की तथा समाधि स्थल की परिक्रमा लगाई। राष्ट्रपति को समाधि स्थल पर अभिषेक पुजारी एवं नरेंद्र मोहन अग्रवाल ने प्रसाद, पटुका, नीव करौरी बाबा का फोटो एवं कम्बल भेंट किया। राष्ट्रपति ने महाराज की कुटिया के दर्शन किए। आश्रम स्थित संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने संपूर्ण संग्रहालय का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह उपस्थित रहे।इंसेटकृसंत प्रेमानंद महाराज से की भेंट, आध्यात्मिक संवाद कर लिया आशीर्वादराष्ट्रपति मुर्मू ने संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचकर उनसे आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने उन्हें ब्रज की भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण और समाज सेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संत समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।भेंट के दौरान संत प्रेमानंद महाराज ने राष्ट्रपति को आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं राष्ट्रपति ने भी देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में संतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# 48 घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़

## एजेंसी संचालक व मैनेजर पर मुकदमा दर्ज

**किठौर।** तहसील मवाना क्षेत्र के ग्राम ललियाना स्थित मैसर्स आलम इंडेन ग्रामीण वितरक एजेंसी में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का बड़ा मामला उजागर हुआ है। प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर की गई जांच में अनियमितताएं सामने आने के बाद संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पूर्ति निरीक्षक अजय कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना किठौर में एजेंसी के प्रोपराइटर (स्वामी) और मैनेजर मुजीबुर रहमान के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि एजेंसी से 48 भरे हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी, जो कि स्पष्ट रूप से कालाबाजारी की श्रेणी में आता है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान सिलेंडरों के वितरण और स्टॉक में गड़बड़ी पाई गई, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि हुई। इसके बाद तुरंत कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कालाबाजारी कब से और किस स्तर पर की जा रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

# रोजेदारों ने जुमे की अलविदा की नमाज की अदा

**मथुरा।** शहर में रमजान के पाक महीने के अंतिम शुक्रवार को अकीदत और शांति के साथ 'अलविदा जुमे की नमाज' अदा की गई। ईदगाह मस्जिद सहित शहर की प्रमुख मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चौन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़ी चौकसी बरती। जुआ अलविदा की नमाज के लिए शुक्रवार की सुबह से ही पुलिस बल तैनात किया गया था। शाही जामा मस्जिद पर पीएसी के साथ ही पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। चौक बाजार मस्जिद में दोपहर को नमाजियों की संख्या ज्यादा होने के कारण पूरी मस्जिद भर गई। रोजेदारों ने सीढिघ्यों पर बैठकर भी नमाज अदा की। जगह कम पड़ने पर चौक बाजार में नमाज अदा करने के लिए नमाजी पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया।

# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 का चैंपियन बना विधयांचल हाउस

**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के तीन दिवसीय स्पोर्स्ट्स फिएस्टा 2026 की चौंपियनशिप ट्राफी पर विध्यांचल हाउस ने कब्जा किया। विध्यांचल हाउस के खिलाड़ियों ने कुल 17 स्वर्ण पदक जीते। वहीं रनर अप ट्राफी शिवालिक हाउस ने जीती। शिवालिक हाउस के खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण पदक जीते। इस पुरुस्कार वितरण समारोह के विशिष्ठ अतिथि एशियन गेम्स में शूटिंग में रजत पदक जीतने वाले शार्दुल विहान विशेष आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों को लगातार प्रयास करते रहने का मूल मंत्र दिया।शार्दूल विहान ने अपनी सफलता की कहानी बताते हुए कहा कि वे असफलता के आगे झुके नहीं और लगातार प्रयास करते रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के दौरान हुए खेलों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आप लगातार प्रयास करते रहेंगे तो एक दिन अपने खेल में देश का प्रतिनिधित्व भी कर पाएंगे। इस मौके पर उनके माता,पिता और परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी माहौल को और गरिमामय बना दिया। शार्दूल विहान को संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि संस्कृति विवि में हर विद्यार्थी को अपनी खेल क्षमता को प्रदर्शित करने का मौका साल में एक बार आता है। इस स्पोर्ट्स फिएस्टा में खेलों में रुचि रखने वाले हर विद्यार्थी को भाग लेना चाहिए। जिन बच्चों ने इस बार खेलों में भाग लिया वे भले ही हारे या जीते सभी बधाई के पात्र हैं। हारना बुरा नहीं, हार कर प्रयास छोड़ देना गलत है। लगातार प्रयास करते रहें तो एक दिन जीत हासिल हो ही जाती है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपना जज्बा हमेशा कायम रखिए, यही आपको जीत दिलाता है। समारोह के दौरान स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के आयोजन से जुड़े हुए आर्गेनाइजर डा. फहीम अख्तर, विवेक श्रीवास्तव, डा. दुर्गेश वाधवा, मयंक यादव, पंकज सारस्वत, कृष्ण राज सिंह, डा. गरिमा गोस्वामी, राहुल, राज. कुमार, स्टूडेंट स्पोर्ट्स क्लब के प्रेसीडेंट प्रतीक चौधरी बीबीए, वाइस प्रेसीडेंट तुषार, सचिव जाह्नवी मिश्रा, अदिति गोएनका को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरुस्कार वितरण समारोह का संचालन संस्कृति होटल मैनेजमेंट की असिस्टेंट प्रो. शुभांगी सक्सैना ने किया। ऑफ लाइन फिल्म का प्रमोशनस्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान हुआ 'ऑफ लाइन' फिल्म के प्रमोशनल कार्यक्रम ने समारोह में चार चांद लगा दिए। मंच पर आई आफ लाइन फिल्म की टीम में प्रोड्यूसर मजहर खान, क्राइम पेट्रोल के ख्यातिप्राप्त कलाकार गुलशन पांडे, मुख्य कलाकार जावेद अली खान, अभिनेत्री तनु राना ने अपने ठुमकों से विद्यार्थियों में जोश भर दिया। कलाकार गुलशन पांडे ने कहा कि खेल जिंदगी जीना सिखाते हैं। उन्होंने बताया कि ज्वलंत समस्या पर आधारित यह फिल्म बहुत ही रोचक और सबक देने वाली है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म राजस्थान की पृष्ठभूम पर बनाई गई उन महिलाओं, युवतियों को सचेत करती है कि कभी भी किसी टैक्सी में बिना आनलाइन बुकिंग कराए न बैठें। भारत में अनेक घटनाएं ऐसी टैक्सियों में महिलाओं के साथ हो चुकी हैं, जिन्हें राह चलते सीधे बुक किया गया। फिल्म के मुख्य कलाकार जावेद और अभिनेत्री तनु राना ने विद्यार्थियों की मांग पर गानों पर जमकर नृत्य किया। इन सभी कलाकारों को विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, प्रति कुलपति प्रो. रघुराम आदि रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दभेड़ा कलां**
**विकासखण्ड सरसावा (सहारनपुर)**

पत्रांक:- मीमो / ग्राम पंचायत / निविदा/2025-26

**-: निविदा सूचना :-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दभेड़ा कलां विकास खण्ड सरसावा में पंचम राज्य वित्त /15वाँ वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं, जिसके लिये निविदायें दिनांक 19.3.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। संबंधित निविदाता को निविदा के साथ कार्य की निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राषि एफ0डी0आर, जो ग्राम पंचायत दभेड़ा कलां के सचिव के नाम बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यों के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में आकर देखी जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 20.03.2026 अपरान्ह 4:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | संख्या | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य + जी०एस०टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्त्येष्टि स्थल में छतरी का निर्माण कार्य। | 01 | 402000 | 8040 | 500.00 + 18 | 02 माह |

ग्राम प्रधान
दभेड़ा कलां

ग्राम पंचायत अधिकारी
दभेड़ा कलां

गर्दिश में सितारे

# जैक एडवर्ड्स आईपीएल-2026 से बाहर



● जैक एडवर्ड्स को नीलामी में एसआरएच ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था


**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।

25 वर्षीय एडवर्ड्स को नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस सीजन में वह अपना आईपीएल डेब्यू कर सकते थे, जिसके लिए उन्हें अब इंतजार करना होगा। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले इकलौते अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। एडवर्ड्स का बीबीएल 2025-26 सीजन काफी अच्छा रहा था, जिसमें उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए थे और 133 रन भी बनाए थे। उन्होंने सिक्सर्स के बीबीएल फाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स से हारने के चार दिन बाद पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, लेकिन यह प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और छह गेंदों में सिर्फ 5 रन बना पाए। तब से उन्होंने अपनी राज्य की टीम न्यू साउथ वेल्स के लिए दो शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच गुरुवार को ही समाप्त हुआ। यह एसआरएच के लिए एक और बड़ा झटका है।

## हेजलवुड, स्टार्क और नेथन पर भी संशय

### सीए आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख बॉलरों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है







**चेन्नई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड के अपनी टीमों के शुरुआती आईपीएल मैचों के लिए उपलब्ध रहने की संभावना कम है, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है।

इसका मतलब है कि स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और हेजलवुड (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जो आगामी आईपीएल सीजन के कुछ हिस्से या पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पैट कमिंस पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों से बाहर हो चुके हैं, जबकि जैक एडवर्ड्स (सनराइजर्स हैदराबाद) भी शुक्रवार को पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नेथन एलिस (चेन्नई सुपर किंग्स) के भी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर होने की प्रबल संभावना है।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलियाई समर में सिर्फ एक टेस्ट खेला था। दिसम्बर में खेला गया तीसरा एशेज टेस्ट, जुलाई 2025 के बाद उनका एकमात्र मैच था। उन्होंने इस टेस्ट मैच से पहले और बाद में अपनी पीठ की स्ट्रेस चोट को मैनेज किया। वहीं, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग समस्या के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। हेजलवुड ने पिछले साल घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ सीमित ओवर के कुछ मैच खेले थे, साथ ही नवम्बर में एक शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया था। लेकिन पिछले कई महीनों में वह ज्यादातर समय बाहर ही रहे हैं। स्टार्क एशेज में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य गेंदबाज रहे। उन्होंने सभी पांच टेस्ट खेले और 31 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता था। वह सीजन के अंत में बीबीएल में भी खेले थे। स्टार्क टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए वह फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप के लिए उपलब्ध नहीं थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले राउंड में ही बाहर हो गया। कमिंस और हेजलवुड भी उस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

## फर्ग्यूसन आईपीएल के शुरुआती हिस्से से बाहर रहेंगे



● लॉकी फर्ग्यूसन जो हाल ही में पिता बने हैं, अपने परिवार को प्राथमिकता देंगे

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरणों में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। फर्ग्यूसन, जो हाल ही में पिता बने हैं, टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में पंजाब किंग्स से जुड़ने और सर्दियों के दौरों के लिए 'ब्लैक कैप्स' (न्यूजीलैंड टीम) के साथ खेलने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देंगे।

द. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले ऑकलैंड में फर्ग्यूसन ने कहा कि अभी-अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरणों में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए बाहर जाऊंगा। ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है, मुझे भारत में टीम के साथ बिताया गया समय बहुत पसंद आया, हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि सीजन की शुरुआत में मुझे चोटों का सामना करना पड़ा। मैं सच में अपने देश में क्रिकेट खेलना चाहता था और अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भारत और श्रीलंका में हुए 2026 टी-20 विश्व कप के दौरान फर्ग्यूसन ने कुछ दिनों की 'पैटर्निटी लीव' (पिता बनने पर मिलने वाली छुट्टी) ली थी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया में पहले राउंड के बाद दीक्षा संयुक्त 8वें स्थान पर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं। उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं। वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है। हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफी अच्छा रहा( उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ्ते की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी (73) हैं, जिनके लिए हफ्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही।

#### खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में 3800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**रायपुर, वार्ता।** रायपुर में बुधवार से शुरु होने वाले खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में देशभर के 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को रायपुर संभाग कार्यालय में बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल और कोटा स्टेडियम सहित प्रमुख खेल स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। 25 मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और उनके साथ आने वाले स्टाफ की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाईलैंड पहुंची भारतीय महिला टीम

● भारतीय महिला टीम एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ पहला मैच खेलेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ शुक्रवार सुबह एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए थाईलैंड पहुंच गई। 20 साल बाद एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली 'यंग टाइग्रेस' टीम को 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ अपने पहले ग्रुप सी मुकाबले से पहले बैंकॉक की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए 13 दिन का समय मिलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद भारत 5 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे चीनी ताइपे से भिड़ेगा। एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुपों में से दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। स्वीडन के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने जनवरी में आईडब्ल्यूएल के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया था। इसके बाद टीम ने स्वीडन में एक महीने का कैंप किया, जहां उन्होंने स्वीडिश क्लबों की सीनियर टीमों के खिलाफ पांच फेंडली मैच खेले। स्कैंडिनेविया से लौटने के बाद टीम ने कोलकाता में अपनी तैयारियां जारी रखीं, जहां से वह शुक्रवार तड़के थाईलैंड के लिए रवाना हुई। एलेक्जेंडरसन टूर्नामेंट के करीब अंतिम 23 सदर्स्यीय टीम की घोषणा करेंगे।

**एएफसी** अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 के लिए थाईलैंड गई भारत की 24 सदर्स्यीय टीम-

**गोलकीपर:** मोनालिशा देवी मोइरांगथेम, नंदिनी, रिबांसी जामू

**डिफेंडर:** अलका इंडवार, सिडी रेमरुआतपुई कोल्नी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, साहेना टीएच, शुभांगी सिंह, थोइबिसाना चानू तो. इजाम

**मिडफील्डर:** अंजू चानू काएनपाइबम, अरीना देवी नामेइ. रकपम, भूमिका देवी खुमुकचम, मोनिशा सिघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया



● न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है

**ऑकलैंड, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टॉम लैथम (नाबाद 63 ) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। टॉम लैथम को उनके शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में केशव महाराज ने डेवोन कॉन्वे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेवोन कॉन्वे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाए। टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर 17वें ओवर की पहली गेंद पर पगबाधा आउट हुए। उन्हें लुथो सिपामला ने आउट किया। टॉम लैथम ने 55 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली।

यह टी-20 में लैथम का चौथा अर्द्धशतक है। लैथम को 27 के स्कोर पर जीवनदान मिला था, जब डियान फॉरेस्टर ने एक आसान सा कैच टपका दिया। न्यूजीलैंड ने 16-2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर मुक. ाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि यह डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए इस सीरीज का आखिरी मैच है, बाकी दो मैचों में इन तीनों खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में तीन छक्के और एक चौका भी लगाया। जॉर्ज लिंडे ने 19 गेंदों में (23), डियन फॉरेस्टर (17), गेराल्ड कोएत्जी ने (16) तथा टोनी डी जॉर्जी और कॉनर एस्टरहुइजन (15-15) रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स ने दो-दो विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, नीशम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनाहत-अभय क्वार्टरफाइनल में



● अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई

**मुम्बई, वार्ता।** भारत की अनाहत सिंह, अभय सिंह और जोशना चिनप्पा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा वालिद को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई। 17 साल की इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं तन्वी खन्ना ने मिस्र की नूर खफागी के खिलाफ शांत और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया। जहां खफागी ने हर गेम में जोरदार टक्कर दी, वहीं खन्ना ने अहम मौकों पर अपना संयम बनाए रखा और 3-0 से जीत हासिल की। अनुभवी खिलाड़ी और पांचवीं सीड जोशना चिनप्पा भी आयरलैंड की ब्रीएन फ्लिन को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में, दूसरे वरीयता प्राप्त और पिछले साल के उपविजेता अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के मैथ्यू लाई को हरा दिया। शुरुआत में मुकाबला कड़ा होने के बावजूद, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने 3-0 से शानदार जीत हासिल की।

वीर चोत्रानी भी अगले दौर में पहुंच गए, क्योंकि उनके जर्मन प्रतिद्वंद्वी यानिक ओम्लोर को मैच की शुरुआत में ही चोट के कारण हटना पड़ा। हालांकि, मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी याह्या अल-नवासाणी अपने ही देश के इब्राहिम अल- कब्बानी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस परिणाम के बाद, अभय अब पुरुषों के ड्रॉ में सबसे ऊंची वरीयता वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जोरदार प्रयास के बावजूद, वेलवन सेंथिलकुमार शांत और संयमित अमीशेनराज चंद्रन के सामने पिछड़ गए।

## दूसरे दौर में अल्काराज से भिड़ेंगे फोन्सेका



● प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने इस जीत के साथ फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी

**मियामी, वार्ता।** ब्राजील के जोआओ फोन्सेका ने गुरुवार को मियामी ओपन में एक बड़ी जीत हासिल करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। फोन्सेका का दूसरे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज से मुकाबला होगा।

नेक्स्टजेनएटीपी स्टार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के पहले राउंड के कड़े मुकाबले में फैबियन मारोजसान को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। ब्राजीलियाई प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने एक घंटे 50 मिनट की इस जीत के साथ, फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी। यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला होगा। अल्काराज के साथ फोन्सेका का मियामी में यह मुकाबला, ब्राजीलियाई खिलाड़ी के जानिक सिनर के साथ पहले टूर-स्तरीय मुकाबले के ठीक बाद हो रहा है। पिछले हफ्ते इंडियन वेल्स में पहली बार मास्टर्स 1000 के चौथे राउंड में खेलते हुए, फोन्सेका ने सिनर को दो टाई-ब्रेक सेट तक कड़ी टक्कर दी थी।

प्रशंसक अब यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि 19 वर्षीय यह खिलाड़ी दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी अल्काराज के साथ अपनी पहली भिड़ंत में कैसा प्रदर्शन करता है, अल्काराज का इस सीजन में रिकॉर्ड 16-1 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन और दोहा में जीते गए खिताब भी शामिल हैं। अल्काराज का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर फोन्सेका ने कहा कि मैं निश्चित रूप से उत्साहित हूं। मुझे दूसरे खिलाड़ियों के बारे में तो नहीं पता, लेकिन मैं टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार करता हूं। पिछले टूर्नामेंट में मैं जानिक के खिलाफ खेला था, और अब मैं कार्लोस के खिलाफ खेल रहा हूं। यह एक बहुत ही शानदार अनुभव है, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और यह एक बेहतरीन मैच होने वाला है। उम्मीद है कि मैं जीत हासिल कर पाऊंगा।

ड्रॉ के ऊपरी हिस्से में, बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन ने एक 'मैच पॉइंट' बचाते हुए 2024 के फाइनलिस्ट ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6(3), 4-6, 7-6(6) से हरा दिया। कोलिग्नन ने निर्णायक सेट के 'टाई-ब्रेक' में 5-6 के स्कोर पर दिमित्रोव के 'मैच पॉइंट' को बेहद नाटकीय अंदाज में नाकाम कर दिया( उन्होंने 11 शॉट्स की एक लंबी 'रैली' को एक जोरदार 'फोरहैंड पास' के साथ अपने नाम किया। उस रैली के दौरान दिमित्रोव ने तीन 'वॉली' शॉट लगाए, लेकिन वे गेंद को कोर्ट से बाहर भेजने (पॉइंट हासिल करने) में नाकाम रहे। स्टेफानोस सित. सिपास ने ब्रिटिश खिलाड़ी आर्थर फेरी को 6-1, 7-6(4) से हराकर, पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के साथ दूसरे दौर में मुकाबले की राह बनाई। एटीपी हेड2हेड सीरीज में सितसिपास, डी मिनौर से 11-1 से आगे हैं। बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प ने डेनिस शापोवालोव को 7-5, 6-3 से हराया।

## महिला कीवी टीम ने द. अफ्रीका को छह विकेट से हराया



● सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया

**ऑकलैंड, वार्ता।** सोफी डिवाइन ( दो विकेट/नाबाद 55) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुक. ाबले में आठ गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18-4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुक. ाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (चार) और इजाबेला गेज (17) के विकेट जल्द ही गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन की जोड़ी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नॉनकुलुलेको म्लाबा ने अमेलिया केर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अमेलिया केर ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रन बनाए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रुक हॉलिडे (दो) रनआउट हुई। मैडी ग्रीन ने सोफी डिवाइन के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। सोफी डिवाइन ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं मैडी ग्रीन ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 34 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एनेरी डर्कसेन, अयंदा लुबी और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। ताजमिन ब्रिट्स (शून्य) और सुने लुस (तीन) रन बनाकर आउट हुई।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम न विंडीज को 43 रनों से हराया


**किग्सटाउन, वार्ता।** बेथ मूनी (79) और अलाना किग (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बेथ मूनी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी और मुकाबला 43 रनों से हार गई। कियाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। सातवें ओवर में अलाना किग ने हेली मैथ्यूज (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई शेमेन कैंपबेल ने कियाना जोसेफ के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 76 के स्कोर तक ले गई। 12वें ओवर में किम ग्राथ ने कियाना जोसेफ को आउट कर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। कियाना जोसेफ ने 39 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 45 रन बनाए। अगले ही ओवर अलाना किग ने शेमेन कैंपबेल (15) और डिआंड्रा डॉटिन (शून्य) को आउटकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। 20वें ओवर में स्टेफनी (28) और जाहजारा (शून्य) को वेयरहम ने आउट किया। चिनेल हेनरी 12 रन बनाकर नाबाद रही।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार रात खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

## फ्रांसेस्का जोन्स की विजयी शुरुआत

● फ्रांसेस्का जोन्स ने वीनस विलियम्स को सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से हराया

**अमेरिका, वार्ता।** ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर गुरुवार रात एक घंटा 51 मिनट तक चले मुक. ाबले में 25 वर्षीय गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसेस्का ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और टूर्नामेंट की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी वीनस विलियम्स की जोरदार चुनौती को पार करते हुए, पहले दौर का यह मुकाबला सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत लिया।

एक्ट्रोडैक्टाइली एक्टोडर्मल डिस्प्लेजिया नाम की एक जेनेटिक बीमारी के साथ जन्मी, दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी जोन्स हर हाथ में तीन उंगलियों और एक अंगूठे के साथ खेलती हैं। इस बीमारी की वजह से उन्हें कई बार सर्जरी करवानी पड़ी है, लेकिन इसने उन्हें महिलाओं के टेनिस में अपनी छाप छोड़ने से कभी नहीं रोका। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में चोट के बाद खेल में वापसी करते हुए, जोन्स ने अपने पहले राउंड के मैच में विलियम्स की सर्विस को पांच बार तोड़ा। दोनों सेटों में 4-5 से पीछे होने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की और उत्साहित भीड़ के सामने एक यादगार जीत हासिल की। 45 वर्षीय टेनिस स्टार के कनाडा की लेयला फर्नांडीज के साथ महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलने की उम्मीद है, जबकि जोन्स महिलाओं के एकल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं, जहां उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। मैच के बाद फ्रांसेस्का ने कहा कि अगर वे दो महिलाएं (वीनस और सेरेना विलियम्स) न होतीं, तो मुझे पक्का नहीं पता कि मैं यह कदम उठा पाती या नहीं। उन्हीं की वजह से मैं आज यहां हूं। उन्होंने कहा कि मेरा यह साल अब तक बहुत मुश्किल भरा रहा है। मुझे कई चोटें लगी हैं और मैं अभी भी बीमार हूं। मुझे हर समय खांसी आ रही थी। मुझे चिंता थी कि कहीं मैं किसी दिग्गज खिलाड़ी को भी बीमार न कर दूं।


EID-AL FITR
MUBARAK


समस्त क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
राव अब्दुल वारिस
पूर्व विधायक, थानाभवन


सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
फर्रुख जमाल
पूर्व प्रधान ग्राम धानवा
गंगोह-सहारनपुर


आप सभी ग्रामवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
ग्राम पंचायत तिसंग से
प्रधान पद
के शिक्षित, जनप्रिय उम्मीदवार
चौ. राफा प्रधान
ग्राम तिसंग


ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद
मौ.इंतजार घंघोड


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
मासूम चौधरी
ग्राम प्रधान
यूसुफपुर चौतरा ब्लॉक ऊन जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
जुनेद मुखिया
सभासद वार्ड न० 13
कांधला चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
संजीव प्रधान
प्रधान पद के भावी प्रत्याशी
ग्राम गंगेरू जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
रिजवान अहमद
ताहरी वाले
पता:- फव्वारा चौक जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
गय्युर प्रधान
प्रधान पद के भावी प्रत्याशी
कांधला देहात जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
जावेद हसन
प्रधान पद के भावी प्रत्याशी
कांधला देहात, जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
बाबू फेसल
कांधला चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी
जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
चौधरी भुरा
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
गांव केरटू ब्लॉक ऊन जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
अमरेश बाबू
लिपिक
नगर पालिका परिषद कांधला-शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
नवाब राणा
खोडसमा
जिला पंचायत सदस्य शामली वार्ड न० 7 से भावी उम्मीदवार
मो० 9837555698


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
सरदार गुलाब सिंह
प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ रालोद
जनपद शामली


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
जावेद राणा
राशन डीलर
चौसाना जनपद शामली


आप सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
हासिम सिद्दीकी
अहान सिद्दीकी
आयान राव
जुनैद राव
अथर राव
फैसल सिद्दीकी


ASP
सभी क्षेत्रवासियों को
ईद
उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
केतली
एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
भीम आर्मी संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) सांसद नगीना
मौसम राव
राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य ASPK
विधानसभा थानाभवन

# 1.29 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

## डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठग को प्रोवाइड कराए थे खाते, छह राज्यों में दर्ज है शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में 13 मार्च को डिजिटल अरेस्ट करके करीब एक करोड़ 29 लाख की ठगी की गई। इस मामले में साइबर पुलिस ने दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके खाते में ठगी की रकत आई थी। ये दोनों ठगी के लिए खाते प्रोवाइड कराते थे। इन दोनों को नोएडा के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनके नाम रिषभ (21) और कुंवर शुक्ला (20) है।

दरअसल पीड़ित को फोन करके ठगों ने ज्त्ाप् का अधिकारी बताया। पीड़ित को बताया कि उनके फोन का मोबाइल नंबर से अश्लील वीडियो भेजे गए। जिसकी जांच मुंबई क्राइम ब्रांच, सीबीआई दकर रही है। जेल भेजने का डर दिखाकर उनको डिजिटल अरेस्ट किया गया। साथ ही उनके एकाउंट से करीब 1.



29 करोड़ रुपए ट्रांसफर करा लिए।डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि दोनों शातिर किस्म के अपराधी है।

ये लोग ठगों को अपने बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते है। बैंक खातों में साइबर ठगी से संबंधित 10. 95 लाख आए थे।

**छह राज्यों में छह शिकायत, 4.17 करोड़ आए:** इनके बैंक खातों से संबंधित खाते के विरुद्ध देश के भिन्न-भिन्न राज्यों से 06 शिकायतें जिसें उप्र से 01, महाराष्ट्र-01, तमिलनाडू-01, दिल्ली -01, बिहार-01 व जम्मू कश्मीर-01 से दर्ज है। जिनमें अब तक धोखाधड़ी से संबंधित करीब 4 करोड़ 17 लाख रूपये की धनराशि प्राप्त की गयी है।

# कांस्टेबल को ट्रक ने टक्कर मार कर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर छपरौला गांव के तालाब के समीप पैदल सड़क पार कर रहे कांस्टेबल को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। घायल को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अलीगढ़ के हजियापुर गांव में अनोखे सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनका पुत्र लोकेश बदायूं में उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। वह 18 मार्च को ड्यूटी से अवकाश लेकर बदायूं रोडवेज बस द्वारा अपने घर आ रहा था। छपरौला गांव में बस से उतरकर सड़क पार करते समय ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने दो दिन बाद कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्दट र्ज कराई है।

# अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन दिए जाने पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** अवैध कालोनियों में बिजली कनेक्शन पर रोक के बाद भी लोगों को कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इस पर ग्रेटर नोएडा के सीईओ ने संज्ञान लिया है। गुरुवार को नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) के एमडी के साथ अपने दफ्तर में बैठक कर गहरी नारा. जगी व्यक्त की। मामले को गंभीरता से न लिए जाने पर इसकी शिकायत शासन स्तर पर भी की जा सकती है। ग्रेटर नोएडा के सीईओ रवि कुमार एनजी ने साक्ष्य के रूप में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आमका सहित अन्य गांवों में बसी अवैध कालोनियों के फोटो और वीडियो दिखाए, जिनमें रोक के बाद भी बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।

कर्मचारियों की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। दिशा- निर्देशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। सीईओ ने कहा कि इस तरह अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने में सफलता नहीं मिलेगी। प्राधिकरण अवैध कालोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई लगातार कर रहा है,वहीं एनपीसीएल द्वारा कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

बिजली की सुविधा मिलने पर लोग रहना शुरू कर देते हैं। इस पर बिजली कंपनी के एमडी ने सीईओ को आश्वासन दिया कि टीम गठित कर क्षेत्र में जांच कराई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र की अवैध व डूब क्षेत्र की कालोनियों में बिजली के कनेक्शन जारी न किए जाएं। मामले की जांच की जाएगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र की अवैध कालोनियों में बिजली कनेक्शन न दिए जाने के लिए प्राधिकरण कई बार पत्र लिख चुका है। इसके बाद भी अंकुश नहीं लग रहा है।पूर्व में किए गए प्रयासग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए प्राधिकरण पूर्व में भी कई बार प्रयास कर चुका है। बीते साल बिजली कंपनी एनपीसीएल को पत्र लिख कहा गया था कि प्राधिकरण की अनुमति के बाद ही कनेक्शन दिया जाए।

**कनेक्शन जारी करने से पहले यह जरूरी:** देख लिया जाए कि कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास प्राधिकरण का अना. पत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) है या नहीं। साथ ही निबंधन पत्र को भी इस संबंध में पत्र लिखा गया था कि छोटे आकार के भूखंडों की रजिस्ट्री न की जाए। संबंधित भूमि जिस उपयोग में दर्ज है, उसी में रजिस्ट्री की जाए। कृषि भूमि की रजिस्ट्री कृषि उपयोग में ही की जाए।

रजिस्ट्री होने पर लोग आसानी से विश्वास कर लेते हैं, कि जो संपत्ति खरीद रहे हैं,वह सही है।

# एयरबैग खुलने से हादसे में चालक की जान बची

**नोएडा।** सेक्टर-21 स्थित ट्रैफिक सिग्नल के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने एक अन्य कार में टक्कर मार दी। एयरबैग खुलने के कारण क्षतिग्रस्त कार में बैठे युवक को चोट नहीं लगी। हालांकि, हादसे में उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली निवासी शिवांग जैन ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गुरुवार रात करीब 12:15 बजे एक शादी से लौट रहे थे। वह सेक्टर-21 के पास सिग्नल क्रॉस कर रहे थे, तभी एक दूसरी कार ने उनकी कार के दाईं तरफ टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी कार डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार के एयरबैग खुल गए और कार को काफी नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा सरकार में यूपी का सबसे अधिक विकास: बृजेश सिंह

■ बोले- प्रदेश में पहले आठ एयरपोर्ट थे अब बढ़कर 16 हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नोएडा के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। यह प्रेस वार्ता उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में की गई, जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले नौ वर्षों में व्यापक बदलाव देखा है। उन्होंने इन नौ वर्षों को नव निर्माण के नौ वर्ष बताया।



उन्होंने बताया कि प्रदेश की पच्चीस करोड़ जनता ने इन नौ वर्षों में विकास को प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया है। मंत्री ने दावा किया कि जहां 2017 में प्रदेश के नौजवानों के हाथ में तमंचा दिखाई देता था, वहीं आज उनके हाथ में टैबलेट और स्मार्टफोन हैं।

बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश में केवल दो एक्सप्रेसवे थे, जबकि अब निर्माणाधीन और संचा. लित मिलाकर 22 एक्सप्रेसवे पर काम हो रहा है। इसी तरह, पहले 8 एयरपोर्ट थे, जो अब बढ़कर 16 हो गए हैं। कई शहरों को मेट्रो से भी जोड़ा गया है।

मंत्री ने दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (रैपिड रेल) का भी जिक्र किया, जो नई दिल्ली से मोदीपुरम तक शुरू हो चुकी है और जिसका हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि एशिया का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जब पूरी तरह तैयार होगा, तो यह प्रदेश को एक नई पहचान देगा। इसके पहले चरण का उद्घाटन 28 तारीख को प्रधानमंत्री गौतम बुद्ध नगर में करेंगे।

बृजेश सिंह ने कहा कि जिस प्रदेश को कभी बीमारू राज्यश कहा जाता था, आज वही रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि जहां पहले निवेशक आने से कतराते थे, वहीं अब उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा निवेश केंद्र बनकर उभरा है।

इस परिवर्तन का श्रेय मुख्यमंत्री की श्जीरो टॉलरेंसश नीति को देते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत कानून का राज स्थापित हुआ है। आज प्रदेश के बुजुर्ग, किसान, मजदूर, बहनें और नौजवान सभी खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर रहे हैं।

## एक नजर

### गैंगस्टर में वांछित सरगना समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर बीटा-2 थाने की पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित वाहन चोर गिरोह के सरगना समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल और उसके साथी अर्जुन के रूप में हुई। राहुल गिरोह का सरगना है। गिरोह में राकेश, रोहित, सुमित और सचिन भी शामिल हैं। पुलिस ने चार महीने पहले गैंग को पकड़ा था। उनके पास से चोरी की 16 बाइक बरामद हुई थीं। पुलिस की टीम फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### कुएं में गिरे गोवंश को सुरक्षित निकाला

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर थाना क्षेत्र स्थित ननुआ का राजपुर गांव के पास शुक्रवार को एक गोवंश लगभग 30 फुट गहरे कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व गौ रक्षकों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। प्रारंभिक प्रयासों में गोवंश को निकालने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद हाइड्रा मशीन बुलाई गई। कड़ी मशक्कत और घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिला गोरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर (नवादा) ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण बचाव कार्य में काफी बाधाएं आईं। इसके बावजूद गौ रक्षक पूरी निष्ठा के साथ मौके पर डटे रहे और गोवंश की जान बचाने में सफल रहे। उन्होंने प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जंगलों में खुले पड़े कुएं और बोरवेल के गड्ढों को भरने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं में कई गोवंशों की जान जा चुकी है। गोरक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन खतरनाक गड्ढों को नहीं भरा गया, तो गौ रक्षक राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान गो. विंद, राहुल नागर, वेद नागर, विपिन गोस्वामी, सोनू बंसल और नितिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नोएडा प्लाट स्कीम के तहत आए 32 आवेदन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण की स्कीम के तहत कुल 32 आवेदन कंपनियों ने किए है। दस्तावेज और ईएमडी जमा की गई। अब बोली लगाई जाएगी। जिस भी कंपनी की बोली ज्यादा होगी उसे जमीन का आवंटन किया जाएगा। इससे प्राधिकरण को राजस्व मिलेगा। साथ ही खाली प्लाटों की दोबारा से स्कीम लांच की जाएगी। प्राधिकरण ने कारपोरेट, होटल और ग्रुप हाउसिंग प्लाट की स्कीम एक महीने पहले लॉन्च की थी। होटल के लिए छह प्लाट निकाले गए थे। ये प्लाट 2000 से 24 हजार वर्ग मीटर तक के है। इसमें पांच प्लाट के लिए आवेदन नहीं आए। जबकि 7500 वर्ग मीटर सेक्टर-105 के लिए दो आवेदन आए है। कामर्शियल बिल्डर प्लाट में 11 प्लाट के सापेक्ष सेक्टर-96, 98 के दो प्लॉट, 108,142 और 135 के लिए 16 आवेदन आए है। वहीं कारपोरेट सेक्टर 10 भूखंड में 1000 वर्ग मीटर के नौ भूखंड के लिए 14 आवेदन आए है। ग्रुप हाउसिंग के सेक्टर-151 में दो भूखंड के लिए चार-पांच भी आवेदन आए है। इन सभी ने ईएमडी और दस्तावेज प्राधिकरण में जमा कर दिए है। ई ऑक्शन के जरिए आवेदन कर्ता को बोली लगानी होगी। जिसके बाद प्लाट का आवंटन किया जाएगा।

### 25 मार्च को सामूहिक विवाह का किया जाएगा आयोजन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर ने सर्वसाधारण को बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पात्रता हेतु निर्धारित आय सीमा एवं देय धनरा. शि में वृद्धि करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश निर्गत किये गए हैं। नवीन शासनादेश के अनुसार अब योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े कुल 01 लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे, 25 हजार रुपये मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी तथा 15 हजार रुपये कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किए जाएंगे।

# ऑनलाइन गेमिंग में युवक ने 20 लाख गंवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ऑनलाइन गेम खेलकर मुनाफा कमाने के चक्कर में एक युवक ने 20 लाख रुपए गंवा दिए। युवक बीते 27 महीने से ऑनलाइन गेम खेल रहा था। ठगी की जानकारी होने पर उसने अज्ञात के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सूरजपुर निवासी वकील खान ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी कि उसने जनवरी 2024 में डेमन ऐप ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर खेलना शुरू किया था। शुरुआत में उसे छोटे-छोटे गेम खेलने पर कुछ रुपये जीतने का मौका मिला। इससे उसका भरोसा बढ़ा और वह लगातार ऐप पर रुपये लगाने लगा।

इस ऐप पर करीब 100 से ज्यादा गेम थे। वह इनमें से पांच से सात गेम खेलता था और हर बार रुपये लगाता था। जीतने पर उसके बैंक खाते में कुछ रकम वापस मिल जाती। इसी वजह से उसे लगा कि यह ऐप सही है और यहां रुपये कमाए जा सकते हैं। धीरे-धीरे ऐप के जरिए उसे ज्यादा रकम लगाने के लिए उकसाया जाने लगा। हर बार उसे बड़े इनाम का लालच दिया जाता। वह रुपये जमा करता रहा। वह जब भी थोड़े बहुत रुपये जीतता, तो उसे फिर से गेम में लगाने के लिए कहा जाता।पीड़ित ने बताया कि उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 20 लाख रुपये इस ऐप में लगा दिए। यह रकम उसने छोटे-छोटे हिस्सों में जमा की थी।

# नोएडा की पहली एडवांस्ड बर्न केयर यूनिट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित एसआरएस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार को आठवें स्थापना दिवस पर नोएडा की पहली एडवांस्ड बर्न केयर यूनिट शुरू हो गई। इससे पहले हवन-पूजा कर आधुनिक यूनिट का उद्घाटन किया। यूनिट की अगुवाई मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रितु सिंह करेंगी। उन्हें बर्न, प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी का अनुभव है। छह बेड की यूनिट में आधुनिक उपकरण हैं। मरीजों को एडवांस्ड सर्जिकल ट्रीटमेंट, रिकंस्ट्रक्टिव प्रक्रियाएं और वाउंड केयर की सुविधा मिलेंगी। उनका मुख्य उद्देश्य गंभीर मरीजों को समय पर सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का इलाज देना है।

# यीडा बोर्ड के बड़े फैसले: 1 अप्रैल से बढ़ेंगी प्लॉट दरें, 2026-27 के लिए 11.82 लाख करोड़ का बजट प्रस्ताव पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 89वीं बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट प्रस्ताव पारित करने के साथ ही विभिन्न श्रेणियों की भूमि आवंटन दरों में औसतन 3.58 प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी। बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार प्राधिकरण ने वर्ष 2026-27 के लिए 11,82,969.19 लाख रुपये की प्राप्तियां और 11,81,101.46 लाख रुपये के व्यय का प्रावधान किया है। अधिकारियों के अनुसार आय का प्रमुख स्रोत भूमि आवंटन, औद्योगिक, संस्थागत और अन्य विकास परियोजनाएं रहेंगी।

प्राधिकरण ने दरों के पुनरीक्षण और ट्रांसपोर्ट लैंड यूज से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है। यह समिति अपनी रिपोर्ट आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करेगी। वहीं, जेवर क्षेत्र में 'ट्रैफिक पार्क कम ट्रेनिंग सेंटर' स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई है। यह परियोजना पीपीपी मॉडल पर विकसित की जाएगी, जिसमें लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र की प्रमुख परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को आवश्यक संसाधन जुटाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा गया है। बैठक में विभिन्न श्रेणियों की आवंटन दरों में औसतन 3.58 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई। यह नई दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट, लैंड यूज और अन्य मदों की दरों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, जो आगामी बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**बजट प्रस्ताव:** प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 11,82,969.19 लाख रुपये की प्राप्तियां प्रस्तावित की हैं, जबकि कुल व्यय 11,81,101.46 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। बजट में भूमि आवंटन, औद्योगिक एवं संस्थागत विकास से आय में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्णय:** बैठक में जापान के सहयोग से विकसित हो रहे 'मेडिकल डिवाइस पार्क' और 'फिल्म सिटी' परियोजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हो सकें।

# धर्म छिपाकर युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-3 थाने की पुलिस ने धर्म पहचान छिपाकर शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने के आरोपी को मध्य प्रदेश से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। पुलिस के मुता. बिक आरोपी की पहचान 26 वर्षीय विकास कुमार उर्फ मोहम्मद रमीज के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का रहने वाला है। निवास स्थान से ही आरोपी को दबोचा गया। पीड़िता ने फेज-3 थाने में 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उससे शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

इसके बाद आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी ने वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया



और उसके रुपये और गहने हड़प लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और धर्म परिवर्तन करने के लिए भी दबाव बनाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन आरोपी फरार हो गया। पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद शुक्रवार को उसे छतरपुर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस की लापरवाही सामने आई थीइस मामले में लापरवाही सामने आने पर पुलिस विभाग में भी कार्रवाई हुई थी।

शिकायत के बाद समय पर केस दर्ज न करने और सही धाराएं न लगाने को लेकर पुलिस कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाया था। उन्होंने फेज-3 थाने के प्रभारी पुनीत सिंह और जांच कर रही महिला दरोगा प्रीति को गुरुवार निलंबित कर दिया था। साथ ही, डीसीपी सेंट्रल नोएडा से स्पष्टीकरण मांगा था। मामले में एसीपी उमेश यादव की भी जांच की जा रही है। इस मामले में पुलिस विभाग के कुछ अन्य पुलिसकर्मियों पर भी आगामी दिनों में कार्रवाई हो सकती है।

**हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई थी:** मामले को लेकर पहले स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने थाने पर प्रदर्शन किया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया था। पुलिस ने बताया कि अब आरोपी के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धर्म परिवर्तन से जुड़े कानूनों के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने इस तरह की घटना कहीं और तो नहीं की है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व कर्मचारी को कंपनी का सामान चोरी करते दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में फाइबर केबल बिछाने वाली कंपनी का लाखों रुपये का सामान चोरी करने वाले पूर्व कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

कंपनी प्रतिनिधि सतीश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि श्री साई हाईटेक नामक कंपनी फाइबर केबल बिछाने का कार्य करती है। कंपनी के पूर्व कर्मचारी नीरज कुमार, निवासी गांव बागपत को करीब पांच माह पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते उसने बृहस्पतिवार को गांव मकोड़ा के पास रखे कंपनी के सामान को चोरी करने की योजना बनाई। आरोपी नीरज कुमार ने एक और उसके चालक अंकुलपाल के साथ मिलकर शाम करीब 5 बजे से 7 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारी ममित कुमार और सूरज कुमार को शक हुआ। जिन्होंने पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से करीब 1200 मीटर ओएफसी केबल को बरामद किया है। केबल की कीमत लगभग 80 हजार रुपये है। इसके अलावा आरोपियों के पास से डक्ट रोडर (करीब 28 हजार रुपये), फावड़े और गैती समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मैनेजर और दोस्त पर हमला

■ कार से घर जाते समय चार युवकों ने रास्ते में रोका, शीशे तोड़े, एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सलारपुर अंडरपास के पास एक मैनेजर और उनके दोस्त पर डंडों से हमला किया गया। रंजिश के चलते हुए इस हमले में दोनों घायल हो गए और उनकी कार के शीशे भी तोड़ दिए गए। घायलों का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में एक नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को कोतवाली में केस दर्ज किया गया है।

गाजियाबाद के कवि नगर निवासी राजकुमार शर्मा गौड़ यमुना सिटी सोसायटी में जनरल मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम वे छुट्टी के बाद अपने दोस्त अवनी रस्तोगी के साथ कार से घर लौट रहे थे। वे यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से गुजर रहे थे, तभी दनकौर क्षेत्र के सलारपुर अंडरपास के पास मिर्जापुर गांव निवासी गौरव भाटी और उसके तीन अन्य साथियों ने उनकी कार जबरन रोक ली। आरो. पियों ने दोनों दोस्तों पर डंडों से हमला किया। इस हमले में अवनी रस्तोगी को सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पीड़ित मैनेजर राज. कुमार शर्मा के अनुसार, आरोपी गौरव उनके साथ ही काम करता है। कुछ दिन पहले किसी बात पर उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने उन पर और उनके दोस्त पर हमला किया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# पत्नी से विवाद के बाद ट्रक चालक ने खुद को मारी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रिछपाल गढ़ी गांव में बुधवार को ट्रक चालक ने पत्नी से विवाद के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अस्पताल से मिली सूचना के बाद बिसरख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जबकि परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

जानकारी के अनुसार बुलंदशहर निवासी धीरज कुमार (43) अपने परिवार के साथ रिछपाल गढ़ी गांव में रहते थे। वह एक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। बीते बुधवार रात उन्होंने शराब का सेवन किया था। जिसके बाद उनका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। घरेलू कलह के चलते दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। घटना वाली रात भी वह घर में रखे अवैध तमंचे को निकालकर साफ कर रहे थे। इसी बीच अचानक उन्होंने तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर घर में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजन गोली लगने के बाद धीरज को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृतक के पास अवैध तमंचा कहां से आया, किसके माध्यम से खरीदा गया। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में परिजन की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

# दो दिन तक रुक-रुक कर होगी बारिश

## अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में दो दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रिकार्ड किया गया। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसका असर है जिससे नोएडा में बारिश हो रही है।

इसका असर आगामी दो दिनों मक रहेगा। जिससे दो दिन तक रुक-रुक कर बारिश होगी। वहीं वातावरण में नमी की मात्रा 80 प्रतिशत और हवा की रफ्तार करीब 8 किमी प्रतिघंटा है। शनिवार को



रविवार को भी बारिश के आसार है। इसके बाद तेज धूप निकलेगी और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी।

बारिश के चलते कई स्थानों पर लोकल फाल्ट हुए जिससे बिजली सप्लाई बाधित हुई। शटडाउन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं मौसम सुहावना होने से लोगों ने मॉल और नोएडा के घूमने वाले स्थानों की ओर गए। हालांकि सड़कों पर जाम और जल भराव जैसी स्थिति नहीं रही।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है



अहले वतन को
ईद-उल-फितर
की
दिली मुबारकबाद
मौ. मुजतबा (एडवोकेट)
राष्ट्रीय महासचिव
(ए.आई.सी.सी. ओ.बी.सी. विभाग)




आप सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
रुही अन्जुम
प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश




आप सभी देशवासियो को
ईद-उल-फितर
की
दिली मुबारकबाद
ASP
मिशन 2027
फरमान राव
राव कैसर सलीम
प्रभारी वि०स० नकुड़




कांग्रेस पार्टी की ओर से अहले वतन को
ईद-उल-फितर
की दिली
मुबारकबाद
इमरान मसूद
सांसद, सहारनपुर लोकसभा
अली मुखिया
मो॰ 98976 06466
नदीम अन्सारी
पार्षद वार्ड नं. 59
मो॰ 9410468227





स्व. चौधरी चरण सिंह
स्व. चौधरी अजित सिंह
जयंत चौधरी
सभी देश वासियों को ईद की हार्दिक
बधाई
एवं
शुभकामनाएं।
चौधरी नीरपाल सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ
उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय लोकदल
पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार।




अहले वतन को
ईद उल फितर की
दिली मुबारकबाद
काशिफ रज़ा
अंतर्राष्ट्रीय शायर
9358612163




एहले वतन
को ईद की
दिली मुबारकबाद
चौ. हाजी सलीम
पूर्व प्रदेश सचिव
समाजसवादी पार्टी
हाजी नवाब अंसारी
महानगर अध्यक्ष सपा

एहले वतन को
ईद की
दिली मुबारकबाद
HMA Graphcis 9760246914
हाजी अली खान
विधायक प्रतिनिधि
उमर अली खान
विधायक, बेहट विधानसभा




एहले वतन को
ईद की
दिली मुबारकबाद
आशु मलिक
सहारनपुर देहात
विधायक
समाजवादी पार्टी
पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश
HMA Graphcis 9760246914